twitter.com/divyadelhi facebook.com/divyadelhi infodivyadelhi@gmail.com Editor: Rajesh Chauhan

RNI No. DELHI/2013/54397

# DD दिव्य दिल्ली

divyadelhi.com | सोमवार, 30 जून, 2025 | वर्ष: 12, अंक: 224, पृष्ठ: 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

## पूरे देश में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली**
दिल्ली एनसीआर सहित देश के बाकी हिस्सों में मानसून पहुंच चुका है और हिमाचल से लेकर केरल और उत्तराखंड से लेकर उत्तर प्रदेश तक झमाझम बरसात हो रही है। 4 जुलाई तक उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत तक भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। शनिवार को दोपहर बाद जमकर बारिश हुई और दिल्ली समेत पूरा एनसीआर तरबतर हो गया। इससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन जगह-जगह जलभराव से मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा। आईएमडी ने बताया कि बीते दिन उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हुई। अंडमान निकोबार द्वीप समूह, तटीय कर्नाटक, सौराष्ट्र और कच्छ, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और नगालैंड समेत पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में भी तेज हवाओं के साथ जमकर बौछारें पड़ीं। आईएमडी ने 4 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान के कुछ हिस्सों में भी बारिश होगी। ओडिशा, कर्नाटक, केरल और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी अत्यधिक बारिश की संभावना है। तमिलनाडु, केरल, और तटीय कर्नाटक में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं।

## 'सितंबर के बाद कर्नाटक की राजनीति में होंगे बदलाव: मंत्री

**बंगलूरू**
कर्नाटक के एक मंत्री ने कहा है कि सितंबर के बाद राज्य में बड़े राजनीतिक बदलाव हो सकते हैं। मंत्री के इस बयान के बाद चचाओं का दौर शुरू हो गया है। जब इस बारे में सीएम सिद्धारमैया से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इस बयान पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। गौरतलब है कि कर्नाटक में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ढाई-ढाई साल सीएम बनने के फामूर्ले पर सहमति बनने की खबरें सामने आईं थी। यही वजह है कि मंत्री के ताजा बयान ने फिर से इस बदलाव को हवा दे दी है।

# आपातकाल लगाने वालों ने संविधान की हत्या की: मोदी

## पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में योग दिवस पर बात की

**नई दिल्ली**
पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में योग दिवस पर बात की और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भी अपने विचार साझा किए।
पीएम मोदी ने कहा 'आप सब इस समय योग की ऊर्जा और 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार भी 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' में हिस्सा लिया। आपको याद है, 10 साल पहले इसका प्रारंभ हुआ। अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। ये इस बात का भी संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। हमने इस बार योग दिवस की कितनी ही आकर्षक तस्वीरें देखी हैं। विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। विशाखापत्तनम से ही एक और अद्भुत दृश्य सामने आया, दो हजार से ज्यादा आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक 108 सूर्य नमस्कार किए। सोचिए, कितना अनुशासन, कितना समर्पण रहा होगा।' 'हिमालय की बर्फीली चोटियां और आईटीबीपी के जवान, वहां भी योग किया, साहस और साधना साथ-साथ चले। गुजरात के लोगों ने भी एक नया इतिहास रचा। वडनगर में 2121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन किया और नया रिकॉर्ड बना दिया। न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो, पेरिस, दुनिया के हर बड़े शहर से योग की तस्वीरें आईं और हर तस्वीर में एक बात खास रही – शांति, स्थिरता और संतुलन। हमारे नौसेना के जहाजों पर भी योग की भव्य झलक दिखी। तेलंगाना में तीन हजार दिव्यांग साथियों ने एक साथ योग शिविर में भाग लिया। उन्होंने दिखाया कि योग किस तरह सशक्तिकरण का माध्यम भी है। इस बार की थीम भी बहुत विशेष थी, एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य। ये सिर्फ एक नारा नहीं है, ये एक दिशा है जो हमें वसुधैव कुटुंबकम का अहसास कराती है।



### भारत हर कदम के साथ मजबूत होगा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय की भी यह अच्छी तस्वीर है। ये सफलता इस विश्वास से आई है कि आने वाला समय और भी अच्छा होगा। भारत हर कदम के साथ मजबूत होगा। प्रधानमंत्री ने देश की एक और उपलब्धि की तारीफ की और कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्राकोमा मुक्त घोषित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह देश के स्वास्थ्य कर्मियों की सफलता है। ट्राकोमा एक बेहद संक्रमणकारी बीमारी है। प्रधानमंत्री ने कैलाश मानसरोवर और अमरनाथ आदि तीर्थ यात्राओं को लेकर कहा कि 'जब कोई तीर्थयात्रा पर निकलता है, तो एक ही भाव सबसे पहले मन में आता है, 'चलो, बुलावा आया है'।

### 95 करोड़ लोग ले रहे सामाजिक सुरक्षा का लाभ: मोदी



पीएम मोदी ने कहा कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को घोषित कर दिया है। ये लाखों लोगों की मेहनत का फल है। जिन्होंने बिना तके, बिना रुके बीमारी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। ये सफलता हमारे हेल्थ वर्कर्स की है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ की रिपोर्ट आई है, जिसमें बताया गया है कि भारत की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को अब कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। आज देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ ले रहे हैं।
**साल 2015 तक ये आंकड़ा 25 करोड़ था।'**
उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम, ये यात्राएं एक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिंब है। जब हम सच्चे मन से यात्रा करते हैं मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और जो लोग इन यात्राओं में सेवाभाव से जुटे हैं, उन्हें भी साधुवाद देता हूं।'

### 'तीर्थयात्राएं एक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिंब'



पीएम मोदी ने कहा कि 'आपातकाल लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई – आपातकाल हट लिया गया और आपातकाल थोपने वाले हार गए। बाबू जगजीवन राम जी ने इस बारे में बहुत ही सशक्त तरीके से अपनी बात रखी थी। जॉर्ज फर्नांडिस साहब को जंजीरों में बांधा गया। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गईं। मीसा के तहत किसी को भी गिरफ्तार कर लिया जाता था। छात्रों को भी परेशान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटा गया।'
'मेरे प्यारे देशवासियो, जब कोई तीर्थयात्रा पर निकलता है, तो एक ही भाव सबसे पहले मन में आता है, 'चलो, बुलावा आया है'। यही भाव हमारे धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। ये यात्राएं शरीर के अनुशासन का, मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे का, प्रभु से जुड़ने का माध्यम हैं। इनके अलावा, इन यात्राओं का एक और बड़ा पक्ष होता है। ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महाअभियान भी होती हैं। जब कोई भी यात्रा होती है तो जितने लोग यात्रा पर जाते हैं, उससे ज्यादा लोग तीर्थयात्रियों की सेवा के काम में जुटते हैं। अभी कुछ दिन पहले हमने भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा भी देखी है। ओडिशा हो, गुजरात हो, या देश का कोई और कोना, लाखों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं।

## अहमदाबाद विमान हादसे में साजिश का एंगल जांचेगी सरकार: नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री

**नई दिल्ली**
12 जून को AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। ब्लैक बॉक्स 13 जून को रिकवर किया गया था। अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने दी है। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो इस मामले की पूरी जांच कर रहा है।



ब्लैक बॉक्स भारत में है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। केंद्रीय मंत्री मोहोल पुणे में कार्यक्रम 'एमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव' में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा था। AAIB इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। उउळश फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं।' अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट अक 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ।

## पुरी रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत

**पुरी**
ओडिशा के पुरी में महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ में चीन लोगों की मौत और करीब 50 लोगों के घायल होने के बाद राज्य सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने इस हादसे को अक्षम्य लापरवाही बताया और पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन और पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत अग्रवाल को तुरंत हटा दिया है। इसके साथ ही दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों डीसीपी विष्णु पाटी और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं सरकार ने पुरी के नए कलेक्टर के रूप में



खोरधा जिले के कलेक्टर चंचल राणा को नियुक्त किया है। वहीं, नए पुरी एसपी के रूप में पिनाक मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने एक प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए हैं, जिसकी निगरानी विकास आयुक्त करेंगे। इस बीच, ओडिशा सरकार ने एक और बड़ा फैसला लेते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी का प्रभार सौंपा है। उन्हें पहले भी रथ यात्रा आयोजन का अनुभव है।
वे फिलहाल उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव और खेल एवं युवा मामलों के विभाग में विशेष सचिव के अतिरिक्त प्रभार में हैं।
पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे का एलानः सरकार ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। सीएम ने विकास आयुक्त की देखरेख में विस्तृत प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से इस घटना को लेकर क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी सरकार महाप्रभु जगन्नाथ के सभी भक्तों से क्षमा याचना करते हैं।

## तेलंगाना में खुला हल्दी बोर्ड मुख्यालय



**तेलंगाना**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भारत से हल्दी का निर्यात एक अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि देश में हल्दी की खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। तेलंगाना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारत की हल्दी दुनियाभर में मशहूर है। अब समय आ गया है कि इसका लाभ हमारे किसानों को भी मिले। इसके लिए सरकार ने हल्दी निर्यात को 1 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। बता दें कि इस मौके पर केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी, गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, बीजेपी सांसद डी. अरविंद, के. लक्ष्मण और कई अन्य नेता मौजूद थे। शाह ने कहा कि आज 40 साल से लोगों की मांग थी कि हल्दी के लिए बोर्ड बनाया जाए। इस मांग को पूरा करते हुए मोदी सरकार ने देश में हल्दी बोर्ड बनाया, जिससे हल्दी के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि सरकार पहले ही हल्दी बोर्ड का गठन कर चुकी है, जो किसानों को बेहतर बीज, मार्केटिंग और एक्सपोर्ट में मदद करेगा। शाह ने यह भी कहा कि इससे न सिर्फ किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि भारत की वैश्विक पहचान भी और मजबूत होगी।
**हल्दी किसानों को बड़ी सौगात**
वहीं इसको लेकर भाजपा की तेलंगाना इकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो हल्दी बोर्ड के गठन का वादा किया था, अब वह पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री ने हल्दी की गुणवत्ता सुधारने, रिसर्च करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

## जनगणना: पहले चरण का आगाज अप्रैल 2026 से

**नई दिल्ली**
भारत सरकार ने आगामी जनगणना 2026 के पहले चरण की तारीख तय कर दी है। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन और हाउसिंग जनगणना 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी।
**दो चरणों में जनगणना होगी**
**पहला चरण-** मकान सूचीकरण काम जिसे हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) भी कहा जाता है। इसमें हर घर की स्थिति, सुविधाएं



और संसाधनों की जानकारी ली जाती है। वहीं दूसरा चरण-जनसंख्या गणना का है, यह चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। इसमें हर व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक जानकारी ली जाएगी।
**क्या है मकान सूचीकरण काम?**
इस चरण में सरकार यह पता लगाएगी कि घर की दीवार, छत और फर्श किस सामग्री की बनी है। घर में कितने कमरे हैं, कितने लोग रहते हैं, घर में शादीशुदा जोड़े हैं या नहीं, क्या घर का मुखिया महिला है या वह अनुसूचित जाति/जनजाति से है।
**लोगों से पूछे जाएंगे ये सवाल**
क्या घर में मोबाइल, टीवी, रेडियो, ट्रांजिस्टर, इंटरनेट या वाहन (साइकिल, स्कूटर, बाइक, कार आदि) है?
खाना बनाने के लिए कौन सा ईंधन इस्तेमाल होता है (जैसे एलपीजी, पीएनजी, लकड़ी, गोबर आदि)?
पीने का पानी कहां से आता है?
शौचालय, नहाने और खाना पकाने की सुविधा कैसी है?
घर में रोशनी का स्रोत क्या है?
डिजिटल तरीके से होगी जनगणना
इस बार की जनगणना खास होगी क्योंकि यह पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी।

## माताओं और शिशुओं को स्वस्थ बनाने में भारत अव्वल

**नई दिल्ली**
माताओं और शिशुओं के बचाने में भारत दुनिया में अव्वल साबित हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़ी संस्था की रिपोर्ट के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। पूरी दुनिया में शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर का अध्ययन करने वाली यूनाइटेड नेशंस इंटर-एजेंसी ग्रुप की 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर दोनों में पूरी दुनिया के औसत से कहीं आगे है।
भारत में मातृ मुत्यु दर प्रति एक लाख जन्म में 80 पहुंच गई है यही नहीं, पिछले साल शुरू किये गए जीरो डोज क्रियान्यवयन अभियान के बाद एक वैक्सीन नहीं लेने वाले बच्चों की संख्या पूरी आबादी के 0.11 फीसद से कम होकर 0.06 फीसद आ गई है। संयुक्त राष्ट्र की 2000-2023 के बीच की रिपोर्ट से साफ है कि भारत में मातृ मुत्यु दर प्रति एक लाख जन्म में 80 पहुंच गई है, यानी इसमें कुल 86 फीसद की कमी आई है।

## पीएम मोदी विकसित भारत निर्माण में कर रहे हैं लोगों का मार्गदर्शन: नड्डा

**चंडीगढ़**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय ''मन की बात'' कार्यक्रम को गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा के बूथ नंबर 408 में स्थित जीएनएच कन्वेंशन सेंटर पर लोगों के साथ सुना। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी नेताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभान्वित पात्र नागरिकों को आयुष्मान कार्ड लाभ पत्र भी वितरित किए। इस कार्यक्रम के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने सोशल मीडिया



एकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और लिखा कि पीएम मोदी जन-जन को एक सूत्र में पिरोने और 'विकसित भारत निर्माण' के लिए मन की बात कार्यक्रम के जरिए संवाद करके लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आज के संवाद में प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दुनिया भर में नागरिकों के योग के प्रति उत्साह, देश में संचालित विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक यात्राओं के पौराणिक महत्व के साथ ही आपातकाल के 50 वर्ष में संविधान हत्या दिवस का जिक्र किया और लोकतंत्र सेनानियों का स्मरण किया।
उन्होंने आगे लिखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय व बोडोलैंड में लोगों द्वारा किये जा रहे नवाचार को लेकर प्रेरणास्पद विचार भी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों से साझा किये। जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं के साथ पीएम मोदी के देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत गुरुग्राम स्थित वाटिका चौक में पौधारोपण किया। इस संबंध में भी श्री नड्डा ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराते हुए लिखा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया।

# योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

**एजेंसी**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने नन्ही बिटिया के इलाज में मदद तथा आवास की व्यवस्था करने की गुहार के साथ बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि बच्ची का अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी। महिला और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसे लेकर योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक.एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के



इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। लोगों से मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोद में बीमार बच्ची को लेकर कुर्सी पर बैठी महिला की समस्या सुनकर अत्यंत भावुक हो गए। महिला बच्ची के इलाज और आवास की समस्या लेकर आई थी। योगी ने उसे आश्वस्त किया कि दोनों समस्याओं इलाज और आवास की व्यवस्थाए का समाधान सरकार कराएगी। इस दौरान वह मां की गोद में बैठी बच्ची को खूब दुलारते भी रहे।

जनता दर्शन में कुछ अन्य लोग भी इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं,प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्धकराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया साथ ही उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट भी दी।

## शेफाली जरीवाला का निधन : पति पराग त्यागी समेत 4 लोगों के बयान दर्ज

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की अचानक मौत के मामले में जांच तेज हो गई है। जुहू पुलिस स्टेशन के अधिकारी कूपर अस्पताल पहुंचे हैं और वहां सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने शेफाली के पति पराग त्यागी का बयान उनके घर पर दर्ज किया है। अब तक इस मामले में कुल चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। शेफाली जरीवाला के रिश्तेदार भी कूपर अस्पताल पहुंच चुके हैं, जहां उनका शव पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। वहां उनके करीबी दोस्त और फिटनेस ट्रेनर भी मौजूद हैं। फिटनेस ट्रेनर ने बताया कि शेफाली अपने स्वास्थ्य



को लेकर बहुत अनुशासित थीं। उन्होंने कहा, वो अपने खानपान का अच्छे से ध्यान रखती थीं। नियमित व्यायाम करती और फिटनेस को प्राथमिकता देती थीं। शेफाली मिर्गी के दौरे को नियंत्रित करने के लिए ठंडी चीजों से परहेज करती थीं और अपने उपचार की दिनचर्या का कड़ाई से पालन करती थीं। ट्रेनर ने बताया कि शेफाली से उनकी आखिरी मुलाकात दो दिन पहले हुई थी।हालांकि जिस तरह मुंबई पुलिस इस घटनाक्रम की जांच को आगे बढ़ा रही है, उससे मामला संदेहास्पद लग रहा है। पति पराग त्यागी के अलावा पुलिस ने रात में ही मेड और कुक से पूछताछ की थी। शनिवार सुबह मुंबई पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी अभिनेत्री के घर गई, जिसने काफी समय तक जांच की। 42 वर्षीय अभिनेत्री शेफाली का देर रात निधन हुआ। शुरुआत में सामने आया कि शेफाली की मौत कार्डियक अटैक के चलते हुई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जो मुंबई पुलिस की जांच को आगे बढ़ाने के लिए अहम है। कॉमेडियन सुनील पाल ने भी शेफाली के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, बॉलीवुड से एक बहुत दुखद खबर आई है। हमारी दोस्त और प्रतिभाशाली अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का निधन हो गया। हमने साथ में कई लाइव शो किए हैं। 'कांटा लगा' गाने से वो बहुत लोकप्रिय हुई थीं। वो एक बेहतरीन अभिनेत्री थीं।

# आचार्य विद्यानंद भारतीय परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ, हमें विकास और विरासत को साथ लेकर बढ़ना है : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली में जैन मुनि आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा कि हमें विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ना है। इसी संकल्प को केंद्र में रखकर हम भारत के सांस्कृतिक स्थलों और तीर्थ स्थानों का भी विकास कर रहे हैं। जैन मुनि आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्राकृत भारत की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है। ये भगवान महावीर के उपदेशों की भाषा है। लेकिन अपनी संस्कृति की उपेक्षा करने वालों के कारण ये भाषा सामान्य प्रयोग से बाहर होने लगी थी। हमने आचार्य श्री जैसे संतों के प्रयासों को देश का प्रयास बनाया। हमारी सरकार ने प्राकृत को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया। हम भारत की प्राचीन पाण्डुलिपियों को डिजिटाइज करने का अभियान भी चला रहे हैं। आचार्य विद्यानंद महाराज कहते थे



कि जीवन तभी धर्ममय हो सकता है, जब जीवन स्वयं ही सेवामय बन जाए। उनका ये विचार जैन दर्शन की मूल भावना से जुड़ा हुआ है, ये विचार भारत की चेतना से जुड़ा हुआ है। भारत सेवा प्रधान देश है, मानवता प्रधान देश है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में जब हजारों वर्षों तक हिंसा को हिंसा से शांत करने के प्रयास हो रहे थे, तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की शक्ति का बोध कराया। हमने मानवता की सेवा की भावना को सर्वोपरि रखा। सब साथ चलें, हम मिलकर आगे बढ़ें। यही हमारा संकल्प है। पीएम ने कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारा चिंतन अमर है, हमारा दर्शन अमर है और हमारे दर्शन के स्रोत हैं- हमारे ऋषि-मुनि, महर्षि, संत और आचार्य। आचार्य विद्यानंद जी महाराज, भारत की इसी परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं। पीएम ने कहा कि आज इस अवसर पर आपने मुझे 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि देने का जो निर्णय लिया है, मैं खुद को इसके योग्य नहीं समझता हूं। लेकिन हमारा संस्कार है कि हमें संतों से जो कुछ मिलता है उसे प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता है। इसलिए मैं आपके इस प्रसाद को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं और मां भारती के चरणों में अर्पित करता हूं। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज का ये दिन एक और वजह से बहुत विशेष है। 28 जून यानी, 1987 में आज की तारीख पर ही आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज को आचार्य पद की उपाधि प्राप्त हुई थी।

# कांग्रेस को देश में वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं: भाजपा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई द्वारा प्रकाशित एक पुस्तिका में भारत के मानचित्र को गलत ढंग से चित्रित करने और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के हिस्सों को पाकिस्तान तथा चीन का भाग दर्शाये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है और कहा है कि जो पार्टी भारत की प्रादेशिक अखंडता का सम्मान नहीं करती है, उसे देश में वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल के सह प्रभारी अमित मालवीय ने यहां 'एक्स' पर कहा, ÷कांग्रेस पार्टी में कुछ वाकई भयावह और विक्षिप्तता है। बार-बार सार्वजनिक आक्रोश और राष्ट्रीय शर्म के बावजूद, कांग्रेस जानबूझकर भारत के ऐसे विकृत मानचित्रों का उपयोग करना जारी रखती है जिनमें जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों को चीन और पाकिस्तान का भूभाग दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि यह कोई अकेली घटना नहीं है। पर अब, तमिलनाडु कांग्रेस ने भी इसी राष्ट्र-विरोधी पैटर्न का अनुसरण किया है।




इसके आधिकारिक 'एक्स' हैंडल में से एक - तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी रिसर्च डिपार्टमेंट - पर भारत के एक विकृत और भ्रामक मानचित्र का बेशर्मी से पार्टी अभियान को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया गया।श्री मालवीय ने कहा, यह कोई गलती नहीं है। यह कांग्रेस का एक पूर्व-नियोजित राजनीतिक रुख है। जो पार्टी भारत की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान नहीं करती, उसे भारत से वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है।

# आईआईटी बॉम्बे में अवैध रूप से प्रवेश के मामले में सुरक्षा चूक का खुलासा

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पवई में अवैध रूप से प्रवेश के मामले में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की जांच टीम ने संस्थान की सुरक्षा टीम की ओर से लापरवाही पर चिंता जताई है और परिसर की सुरक्षा में गंभीर चूक को भी उजागर किया है। गौरतलब है कि इस मामले में कर्नाटक के मंगलुरु के एक निवासी को अवैध रूप से छात्रावास में रहने और आईआईटी मुंबई में व्याख्यान में भाग लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह संस्थान भारत का प्रमुख तकनीकी संस्थानों और दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। बिलाल अहमद फैयाज अहमद तेली नामक व्यक्ति ने कथित तौर पर संस्थान के भीतर जासूसी गतिविधियों को अंजाम दिया और 14 दिनों तक अवैध रूप से आईआईटी पवई के अंदर रहा, सुरक्षा कर्मियों की नजर में आए बिना लगभग आठ से 10 बार परिसर में स्वतंत्र रूप से आता जाता रहा।पुलिस को बिलाल के मोबाइल फोन पर मैसेजिंग और कॉलिंग प्लेटफॉर्म आईएमओ और सिग्नल ऐप मिले हैं। अपराध शाखा के



अधिकारियों ने महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद किए हैं, जिसमें आरोपी को दो सप्ताह की अवधि में कई बार परिसर में प्रवेश करते और बाहर निकलते हुए देखा गया है। जांच ने संस्थान की सुरक्षा टीम की ओर से की गयी लापरवाही पर चिंता जताई है। सूत्रों ने कहा कि बिलाल परिसर में विभिन्न स्थानों पर सोता था, जिसमें हॉस्टल लॉबी में सोफे और खाली कमरों में गद्दे भी दिखाई दिये हैं, वह रोजाना अपने सोने की जगह बदलता था। पूछताछ के आधार पर अपराध शाखा ने परिसर में उसके प्रवेश मार्गों और आवाजाही का नक्शा बनाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि आगे की जांच में सहायता के लिए एक विस्तृत नक्शा तैयार किया गया है। हालांकि, उसके लंबे समय तक रहने और निगरानी के पीछे का मकसद अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। अपराध शाखा ने बताया कि बिलाल ने वीपीएन का उपयोग करके आईआईटी पवई के आंतरिक क्षेत्रों के वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए थे। उसके मोबाइल फोन के फोरेंसिक विश्लेषण से ऐसे कई वीडियो सामने आए हैं। जांचकर्ता इन अपलोड के पीछे के उद्देश्य का पता लगाने में जुटे हैं। सात से दस जून के बीच बिलाल कथित तौर पर मुंबई से सूरत गया और दावा किया कि वह अपने रिश्तेदारों से मिलने गया था।

# कोलकाता गैंगरेप केस : भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की घटना की निंदा, जांच के लिए बनाई चार सदस्यीय कमेटी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/कोलकाता ।** कोलकाता में लॉ छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जांच कमेटी बनाई है। छात्रा के साथ कॉलेज में कथित तौर पर तीन युवकों ने गैंगरेप किया था, जिसमें एक आरोपी टीएमसी की छात्र इकाई का सदस्य बताया जाता है। गैंगरेप का मामला सामने आने के बाद भाजपा लगातार पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी को घेर रही है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ हुए गैंगरेप की निंदा की। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है। इसी बीच पार्टी ने 4 सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया है, जो कोलकाता में घटनास्थल का दौरा करेगी। भाजपा की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, 4 सदस्यीय जांच कमेटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी, लोकसभा सांसद बिप्लब देव और राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा शामिल हैं। प्रेस नोट के मुताबिक, जांच कमेटी जल्द ही घटनास्थल का दौरा करेगी और अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी।इस मामले पर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, ÷कोलकाता के लॉ कॉलेज में हुई भयावह घटना से पूरा देश दुखी है। आश्चर्य की बात है कि पश्चिम बंगाल किस दिशा में जा रहा है। यह दुखद है कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ इस तरह के जघन्य अपराध बार-बार सामने आ रहे हैं। एक ऐसा राज्य जहां एक महिला मुख्यमंत्री हैं, वहां महिलाओं के साथ इतनी क्रूरता क्यों है? संबित पात्रा ने कहा, पीड़िता के बयान से पता चलता है कि यह राज्य प्रायोजित क्रूरता प्रतीत होती है। ऐसा कहने का कारण यह है कि कथित तौर पर कॉलेज यूनियन इसमें शामिल है। मुख्य आरोपी मोनोजित मिश्रा कथित



तौर पर टीएमसी की छात्र शाखा का सचिव रहा है। वह उसी कॉलेज का छात्र है, कानून की पढ़ाई कर रहा है और साथ ही सत्तारूढ़ पार्टी के छात्र संगठन से भी जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए संबित पात्रा ने कहा, बंगाल में जो हो रहा है, उसको लेकर हम सब बहुत पीड़ा में हैं। बंगाल में महिलाओं के साथ इस प्रकार के क्रूर व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ में सरकार की योजनाओं का असर, बीजापुर में 13 हार्डकोर नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**रायपुर ।** बीजापुर में 13 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इसका श्रेय उन योजनाओं को दिया जिनकी मदद से प्रदेश में बदलाव की बयार बहने लगी। शर्मा ने कहा, यह आत्मसमर्पण प्रदेश सरकार की 'आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025' और 'नियद नेल्ला नार योजना' की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिससे नक्सल प्रभावित इलाकों में विश्वास और बदलाव की नई बयार बह रही है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था है और कानून का राज है। पूर्व की सरकारों में पुलिस के मनोबल को तोड़ने का काम किया गया था। अब हमारी सरकार उस बिगड़ी व्यवस्था में सुधार ला रही है।वहीं, मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर भी डिप्टी सीएम से



सवाल किया गया। दरअसल, प्रदेश कांग्रेस कमिटी खड़गे के दौरे को 'संजीवनी' की तरह प्रोजेक्ट कर रही है। जब इस पर डिप्टी सीएम से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'खड़गे सनातन परंपरा का अपमान करते हैं और इसीलिए मैं उनकी आलोचना भी करता हूं। उनके आने से कोई लाभ नहीं होने वाला है। छत्तीसगढ़ की जनता उनका स्वागत नहीं करने वाली है। जहां तक बात है कांग्रेस में संजीवनी की तो कांग्रेस के नेता बेहतर जानते हैं कि उन्हें संजीवनी मिलेगी या नहीं। अब उनके आने से भविष्य क्या होगा, इसके बारे में मैं क्या कह सकता हूं।' छत्तीसगढ़ में पहली बार भाजपा बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने वाली है। तीन दिवसीय कार्यक्रम 7 से 9 जुलाई तक चलेगा। कांग्रेस इसे टूरिज्म कह रही है। इस पर विजय शर्मा ने कहा, कांग्रेस को लगता है कि उन्होंने सब कुछ पढ़ लिया है। प्रशिक्षण शिविर समय-समय पर संगठन की मजबूती के लिए लगाए जाते हैं।

## काशी में शास्त्र संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र का शुभारंभ, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की पहल से भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। इस पहल का उद्देश्य वेद, उपनिषद, पुराण, शास्त्र आदि जैसे प्राचीन ग्रंथों का डिजिटलीकरण कर उन्हें जनसामान्य तक पहुंचाना है। यह बातें काशी नगरी में शास्त्र संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र का भव्य शुभारंभ करते हुए महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कही। शिंदे ने वाराणसी के दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस केंद्र का उद्देश्य भारत की प्राचीन ग्रंथ संपदा का संरक्षण, डिजिटलीकरण और आधुनिक तकनीक की सहायता से समाज तक उसका प्रसार करना है। पुरातन पांडुलिपियों के संरक्षण का कार्य सिर्फ एक संस्थान का नहीं, बल्कि पूरे देश की भागीदारी का प्रतीक है। सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से ही भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना साकार हो सकेगा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिंदे ने अपने संबोधन के दौरान बाबा विश्वनाथ और मां गंगा को नमन करते हुए कहा कि इस पावन नगरी में आने का अवसर मिलना किसी सौभाग्य से कम नहीं।

# मतदाता पुनरीक्षण में बोगस मतदाता हटेंगे, इस कारण विपक्ष को कष्ट हो रहा : जीतन राम मांझी

**एजेंसी**

**पटना ।** केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि इन लोगों ने कई विधानसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में फर्जी (बोगस) मतदाताओं को तैयार किया हुआ है, इस कारण इन्हें पुनरीक्षण में कष्ट हो रहा है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने विपक्ष के चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण को साजिश करने को लेकर कहा, ÷हमें तो पता है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में 20 से 30 हजार बोगस मतदाता बनाए हुए हैं। पुनरीक्षण के दौरान ये हटेंगे। इसी डर से ये परेशान हैं। सांच को आंच




क्या? जब सही है तो डर क्यों रहे हैं? इधर, लोजपा (रामविलास) के राजगीर में 29 जून को बहुजन भीम संगम आयोजन को लेकर उन्होंने कहा कि अच्छी बात है। पार्टी एनडीए को मजबूत करने में जुटी हुई है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के कलम बांटने पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके पिता लालू यादव लाठी में तेल पिलवाते थे। यह उन्हें याद रखना चाहिए।

तेजस्वी यादव के बिहार के लोगों से 20 महीने मांगे जाने पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि वे भले लोगों से मांग रहे हैं, लेकिन उन्हें मिलने वाला नहीं है। उनके पिता लालू यादव के जंगल राज को बिहार की जनता देख चुकी है। आज भी राजद के लोग गरीबों की जमीन हड़पे हुए हैं। आज बिहार में घटने वाली अधिकांश आपराधिक घटनाओं में राजद के लोग शामिल होते हैं। 20 महीने तो छोड़ दीजिए, अगर 10 महीने भी राजद सत्ता में आ गई तो प्रदेश में गृहयुद्ध छिड़ जाएगा। पश्चिम बंगाल में सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर उन्होंने कहा कि वहां महिला मुख्यमंत्री हैं और महिलाओं के साथ दुराचार, अत्याचार हो रहा है। उन्होंने तो यहां तक कहा कि ऐसी घटनाएं समाज और सरकार पर बदनुमा दाग हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा कर देना चाहिए।

## इंदौर-देवास रोड पर 24 घंटे से अधिक समय तक लगा जानलेवा जाम, 3 की मौत

**एजेंसी**

**भोपाल।** इंदौर-देवास हाईवे पर अर्जुन बड़ौदा गांव के पास 24 घंटे से अधिक समय तक लगा भीषण जाम जानलेवा साबित हुआ। जाम में फंसे तीन लोगों की जान चली गई। गुरुवार शाम से शुरू हुआ जाम शुक्रवार देर रात तक जारी रहा। इससे अफरातफरी मच गई और सड़क व यातायात प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। जाम का मुख्य कारण हाईवे पर चल रहा निर्माण और भारी बारिश से जलभराव था। ट्रैफिक को संकरी सर्विस लेन पर डायवर्ट किया गया, जिससे जाम की स्थिति बन गई और घंटों तक वाहन फंसे रहे। इंदौर-देवास रोड पर 8 किमी के लम्बे जाम में 4 हजार से ज्यादा गाड़ियां फंस गईं। इस दौरान कमल पांचाल (62), शुजालपुर के बलराम पटेल (55) और गारी पिपल्या गांव के संदीप पटेल (32) की मौत हो गई। दो को हार्ट अटैक आया, जबकि एक पेशेंट की अस्पताल पहुंचने से पहले



मौत हो गई। मृतकों में सैटेलाइट टाउनशिप, बिजलपुर के किसान कमल पंचाल (62) भी शामिल हैं, जो अपने बेटे और बहू के साथ अपनी बहन के शोक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। परिवार की कार अर्जुन बड़ौदा के पास उनकी कार जाम में डेढ़ घंटे तक फंसी रही।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में नारीशक्ति, राष्ट्रशक्ति बन रही - सीएम रेखा गुप्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से महाराष्ट्र सदन में आयोजित मॉक पार्लियामेंट में शामिल हुईं। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला कल्याण के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की चर्चा की। महिलाओं का आह्वान किया कि वो राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में नारीशक्ति, राष्ट्रशक्ति बन रही है। महिलाओं को आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन और स्वच्छ जल जैसी बुनियादी सुविधाएं मिली हैं। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति और महिलाओं को संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से लोकतंत्र में बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। अब समय है हम महिलाएं न केवल जागरूक बनें, बल्कि जिम्मेदारी लें और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। वहीं, आपातकाल पर सीएम ने कहा कि वो एक ऐसा दौर था जहां कोई आवाज नहीं उठा सकता था। 21 महीने तक यातनाएं दी गईं। जिन्होंने भी आवाज उठाई उन्हें कुचल दिया गया, देश ने इतिहास में ऐसा काला अध्याय कभी नहीं देखा। पूर्व पीएम ने सत्ता में बने रहने के लिए लोगों को जेल में डाल दिया। मीडिया की आजादी पर पाबंदी, शासन-प्रशासन कुछ भी नहीं बोल सकते थे। युवाओं की जबरन नसबंदी कराई गई। रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट भी साझा की। लिखा, आपातकाल की 50वीं बरसी पर दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा महाराष्ट्र सदन में आयोजित मॉक पार्लियामेंट में लोकतंत्र की हत्या के उस काले अध्याय पर अपने विचार साझा किए। 1975 में सिर्फ एक परिवार की सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस सरकार ने पूरे देश को एक खुली जेल में तब्दील कर दिया था। हजारों देशभक्तों को बिना किसी मुकदमे के जेलों में डाल दिया गया। आज जो लोग संविधान की दुहाई देते हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि भारत की आत्मा को सबसे गहरा आघात कांग्रेस की ही तानाशाही ने पहुंचाया था।

## विदेश मंत्री ने की ईरानी समकक्ष के बात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ बातचीत की और भारतीयों की सुरक्षित निकासी में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बातचीत में उन्हें वर्तमान की जटिल परिस्थिति में ईरान का नजरिया और सोच जानने को मिली। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजरायल के बीच हाल ही में युद्ध विराम की घोषणा हुई है। संघर्ष के दौरान भारत ने वहां रह रहे कई भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित कराई है।

## पिता ने जाने से मना किया तो बेटे ने मार दी गोली, मौके पर ही मौत

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के तिमारपुर इलाके में पारिवारिक विवाद के चलते एक बेटे ने अपने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान एमएस ब्लॉक, तिमारपुर निवासी सुरेन्द्र (60) के रूप में हुई है। आरोपित बेटा दीपक (26) को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना लगभग 7:30 बजे की है जब बीट अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल नितिन इलाके में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने गोली चलने की आवाज सुनी और तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर सुरेंद्र का शव फुटपाथ पर पड़ा था और कुछ लोग दीपक से 12 बोर की बंदूक छीनने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस अधिकारी के बाद पुलिसकर्मी ने तत्परता दिखाते हुए दीपक को मौके पर ही दबोच लिया। घायल सुरेंद्र को उनकी पत्नी और बेटे अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव की जांच में पाया गया कि उन्हें बाईं गाल पर गोली लगी थी और चेहरे के बाएं हिस्से पर छर्रे लगे हुए थे। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र हाल ही में सीआईएसएफ से रिटायर हुए थे और अपने पूरे परिवार के साथ उत्तराखंड स्थित अपने गांव शिफ्ट होने वाले थे। उन्होंने घर का सामान एक टेम्पो में लोड करा लिया था। उसी टेम्पो में दीपक भी जाना चाहता था, लेकिन उसमें केवल एक ही यात्री के बैठने की जगह थी। इसी बात को लेकर बाप-बेटे में कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर दीपक ने अपने पिता की लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से फायर कर दिया।

## वीरेंद्र सचदेवा ने कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल को बताया काला अध्याय

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा द्वारा एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित मॉक पार्लियामेंट के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल को काला अध्याय बताया।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज इस मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से युवा पीढी को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए कि कैसे कुर्सी और सत्ता के लालच में कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा। वीरेंद्र सचदेवा ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए ने कहा कि उस वक्त सिर्फ सत्ता के लालच में किसी का हाथ काट दिया गया था तो किसी को जान से मार दिया गया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को समझना पड़ेगा कि आखिर इमरजेंसी क्या है? उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को संविधान, लोकतंत्र और आपातकाल जैसे गंभीर विषयों पर पूर्ण जागरूकता के साथ चर्चा करते देखना न केवल प्रेरक था। बल्कि यह भविष्य के भारत के प्रति हमारी आशाओं को और सशक्त करता है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने मॉक पार्लियामेंट में भाग ले रहे युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा मोर्चा आज कल मोबाइल के नशे में डूबा हुआ है लेकिन अगर वही नशा देश के प्रति हो तो यह देश बिल्कुल सुरक्षित हाथों में होगा। इसलिए कोशिश कीजिए कि देश के लिए अपने अंदर राष्ट्रसेवा की भावना लाए।

## लापता युवक का शव जंगल में मिला

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंत कुंज साउथ इलाके में सुबह एक तालाब में एक युवक का शव सड़ी गली अवस्था में मिला। मृतक की पहचान इंदर कैंप, रंगपुरी पहाड़ी निवासी अनिल कुमार (32) के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि अनिल 20 जून से लापता था। दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि पुलिस को सुबह 8:19 बजे पीसीआर कॉल के जरिए सूचना मिली कि इंदर कैंप स्थित पीर बाबा के पास पानी में शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वसंत कुंज साउथ थाने के एसएचओ टीम सहित मौके पर पहुंचे। वहां एक सड़ी गली अवस्था में पुरुष का शव बरामद हुआ। प्राथमिक जांच में पता चला कि मृतक अनिल कुमार एम्स अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्यरत था। वह विवाहित थे और उसकी 6 साल की एक बेटी भी है। परिवार द्वारा उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले ही 21 जून को थाने में दर्ज कराई गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह शौच के लिए जा रहे एक व्यक्ति ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) और क्राइम टीम को बुलाया गया है, जो साक्ष्यों की जांच और एकत्रीकरण में जुटी है। पुलिस अधिकारी पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं और मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज चुकी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

# प्रधानमंत्री 2 जुलाई से पांच देशों की यात्रा पर, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 से 9 जुलाई तक पांच देशों की यात्रा पर रहेंगे। इसमें घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल है। इस दौरान वे ब्राजील में 6-7 जुलाई को आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। ब्रिक्स नेताओं का 17वां शिखर सम्मेलन रियो डी जेनेरियो में होगा। शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री वैश्विक शासन में सुधार, शांति और सुरक्षा, बहुपक्षवाद को मजबूत करने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग, जलवायु कार्रवाई, वैश्विक स्वास्थ्य, आर्थिक और वित्तीय मामलों सहित प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी



कर सकते हैं। ब्रिक्स के बाद प्रधानमंत्री ब्राजील के राजकीय मेहमान बन ब्रासीलिया जाएंगे। यहां वे राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित आपसी हित के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री पहली बार द्विपक्षीय यात्रा पर घाना जाएंगे। तीन दशकों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह यात्रा होगी। वे घाना के राष्ट्रपति से मुलाकात कर आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा भारत और पश्चिम अफ्रीकी संगठन तथा अफ्रीकी संघ के साथ भारत की भागीदारी को मजबूती देगी। प्रधानमंत्री मोदी 3-4 जुलाई त्रिनिदाद एवं टोबैगो जायेंगे। वर्ष 1999 के बाद यह पहला प्रधानमंत्री स्तरीय दौरा होगा। वे राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगलू और प्रधानमंत्री बिसेसर से मुलाकात करेंगे और संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को नई गति देगी। प्रधानमंत्री 4-5 जुलाई को अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के आमंत्रण पर आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।

## भारत ने 'अवैध' मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले को किया खारिज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने हर बार की तरह इस बार भी सिंधु जल संधि - 1960 के अंतर्गत गठित एक 'अवैध' मध्यस्थता न्यायाधिकरण की ओर से जारी 'पूरक निर्णय' को सिरे से खारिज कर दिया है। निर्णय किशनगंगा-रतले परियोजनाओं से जुड़ा है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार पाकिस्तान के इशारे पर यह नवीनतम नाटक किया गया है। यह पड़ोसी देश का आतंकवाद के वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी भूमिका पर जवाबदेही से बचने का एक और हताश प्रयास है। पाकिस्तान का इस मनगढ़ंत मध्यस्थता तंत्र का सहारा लेना अंतरराष्ट्रीय मंचों को धोखा देने और हेरफेर करने की पुरानी चाल का हिस्सा है वक्तव्य में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित रखा गया है। अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में भारत ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए ऐसा किया है। संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक सीमा पार आतंक को

**विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार पाकिस्तान के इशारे पर यह नवीनतम नाटक किया गया है।**

समर्थन नहीं रोकता। संधि के स्थगित रहने तक भारत किसी भी दायित्व को निभाने के लिए बाध्य नहीं है। भारत ने कभी भी इस तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय के कानून में अस्तित्व को मान्यता नहीं दी है और भारत का रुख हमेशा से यह रहा है कि इस तथाकथित मध्यस्थ निकाय का गठन अपने आप में सिंधु जल संधि का गंभीर उल्लंघन है।

# देश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पूरी रफ्तार पकड़ ली है और इसके प्रभाव से मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में बीते 24 घंटे के दौरान जमकर बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 27 जून तक देशभर में हुई बारिश के आंकड़े जारी किए हैं आईएमडी के मुताबिक मध्य प्रदेश के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है, वहीं कई स्थानों पर 100 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज हुई है। मध्यप्रदेश के हरदा जिले के खिरकिया में सर्वाधिक 132.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। देवास के उदयनगर में 125 मिमी, झाबुआ के मेघनगर में 123 मिमी, हरदा के टिमरनी में 122.6 मिमी, राजगढ़ के नरसिंहगढ़ में 115 मिमी, धार के बदनावर में 107 मिमी और मंदसौर में 106 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा सागर के रहटगढ़, जबलपुर के शाहपुरा, झाबुआ के पेटलावद, रतलाम के जावरा और छिंदवाड़ा के मोहखेड़ा में भी 80 से 90 मिमी के आसपास बारिश हुई। राज्य के कई हिस्सों में 50 मिमी से ऊपर की वर्षा आम रही। इसी प्रकार, विदर्भ क्षेत्र में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई। वाशिम के मंगरुलपीर और बुलढाणा के मेहकर में 13-13 सेमी बारिश दर्ज की गई। कोयंबटूर, कन्याकुमारी और नीलगिरी जिले समेत तमिलनाडु के कई क्षेत्रों में भी 10 सेमी तक बारिश दर्ज हुई। वहीं, केरल के एर्नाकुलम, अलापुझा, कन्नूर और त्रिशूर जिलों में भी बारिश का सिलसिला जारी है, जहां 10-12 सेमी तक वर्षा दर्ज की गई। गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों में भी वर्षा अच्छी रही। जूनागढ़, गिर, सोमनाथ, पोरबंदर, अमरेली और देवभूमि द्वारका जिलों में 13 से 16 सेमी तक वर्षा हुई। वडाली (साबरकांठा) में 15 सेमी, मेहसाणा, नवसारी और बनासकांठा जिलों में 8 से 11 सेमी के बीच बारिश दर्ज की गई। ओडिशा के जगतसिंहपुर, पुरी, खुर्दा, मयूरभंज, नयागढ़ और केंद्रपाड़ा जिलों में 7 से 14 सेमी बारिश हुई। उत्तर भारत में भी मानसून ने दस्तक दे दी है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के पंडोह में 14 सेमी और जोगिंदरनगर में 7 सेमी वर्षा हुई। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के लोहारखेत में 8 सेमी बारिश दर्ज की गई। हरियाणा के फतेहाबाद में भी इतनी ही वर्षा हुई। राजस्थान के बांसवाड़ा, डूंगरपुर, जयपुर, बारां, डूंगरपुर और दौसा जिलों में 7 से 13 सेमी के बीच बारिश रिकॉर्ड की गई। मध्य महाराष्ट्र, कोंकण, गोवा और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी व्यापक वर्षा हुई है। पिछले 24 घंटे के दौरान कई जगहों पर तेज हवा और आंधी भी चली। सौराष्ट्र के भुज में सबसे तेज़ 56 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। पंजाब, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में भी 40 से 52 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली झोंकेदार हवा दर्ज की गई। इंदौर और ग्वालियर में 47 और 41 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली, जिससे कुछ क्षेत्रों में पेड़ और बिजली के खंभे गिरने की खबरें भी आई हैं।

# भारत को प्रतिष्ठित 2029 डब्ल्यूपीएफजी की मेजबानी पर अमित शाह ने प्रसन्नता व्यक्त की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी) की मेजबानी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव का क्षण बताया। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा यह प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए मेजबान देश के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत को इन खेलों की मेजबानी मिलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विस्तृत खेल बुनियादी ढांचे के निर्माण की वैश्विक मान्यता को दर्शाता है। शाह ने कहा कि इन खेलों के आयोजन स्थल के रूप में अहमदाबाद का चयन, जिसमें पुलिस, अग्निशमन और आपदा



**शाह ने कहा कि इन खेलों के आयोजन स्थल के रूप में अहमदाबाद का चयन, जिसमें पुलिस, अग्निशमन और आपदा सेवाएं 50 से अधिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी।**

सेवाएं 50 से अधिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी, एक खेल स्थल के रूप में शहर की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि भारत ने प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी) की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। यह आयोजन गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय युद्धपोत 'टेग' पोर्ट विक्टोरिया पहुंचा, सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस पर परेड में भाग लेगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग पोर्ट कॉल के लिए सेशेल्स के विक्टोरिया बंदरगाह पहुंच गया है। भारतीय नौसैन्य बैंड के साथ जहाज से एक मार्चिंग दस्ता 29 जून को सेशेल्स के 49वें राष्ट्रीय दिवस पर परेड में भाग लेगा। इस दौरान जहाज पर तैनात हेलीकॉप्टर का फ्लाईपास्ट भी किया जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। भारतीय नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि इस यात्रा के दौरान जहाज के कमांडिंग ऑफिसर सेशेल्स के वरिष्ठ सरकारी और सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इसमें रक्षा बलों के प्रमुख, सेशेल्स पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (एसपीडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ और सेशेल्स में भारत के उच्चायुक्त भी शामिल होंगे।



जहाज पर कार्यक्रम के अनुसार भारतीय नौसेना और एसपीडीएफ के बीच सहयोगी जुड़ाव और आपसी सहयोग पर केंद्रित औपचारिक बातचीत की जाएगी। इसके अलावा जहाज के कर्मचारी भारत से भेजे गए रक्षा उपकरण और पुर्जे औपचारिक रूप से सौंपेंगे। सेशेल्स पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज के प्रतिभागियों, भारतीय प्रवासी सदस्य और जहाज के चालक दल के सदस्यों के साथ सांस्कृतिक आउटरीच के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अनुरूप योग सत्र का आयोजन भी कार्यक्रम का हिस्सा है। आईएनएस टेग पर एक सांस्कृतिक संध्या की भी योजना बनाई गई है। इस कार्यक्रम मेंभारतीय उच्चायोग, सेशेल्स के रक्षा बलों के प्रमुख, एसपीडीएफ के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।जहाज पर आगंतुकों के प्रवेश के लिए प्रबंध किए गए हैं, इससे भारतीय नौसेना की भूमिका और क्षमताओं के बारे में आने वाले लोगों की समझ बढ़ेगी। बंदरगाह पर अपनी यात्रा के समापन पर आईएनएस टेग सेशेल्स तटरक्षक बल के कर्मियों के साथ रवाना होगा और 30 जून से 02 जुलाई तक सेशेल्स जहाज के साथ संयुक्त अनन्य आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) निगरानी करेगा।

यह पहल वैश्विक साझा संसाधनों की सुरक्षा और अवैध, अप्रतिबंधित और अनियमित रूप से मछली पकड़ने से सम्बंधित मुद्दों से निपटने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। इस यात्रा के पूरा होने पर जहाज एससीजी कर्मियों को उतारने के बाद तैनाती के अगले चरण के लिए आगे बढ़ेगा।

## उत्तराखंड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की कवायद तेज हो गई है। भाजपा ने इन तीन राज्यों के लिए चुनाव अधिकारी की घोषणा की है। भाजपा संगठन चुनाव के निर्वाचन अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण की तरफ से एक पत्र जारी किया गया है। इसमें महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषदों के सदस्यों के चुनाव के लिए तीन नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है। उत्तराखंड में प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषदों के सदस्यों के चुनाव की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा को दी गई है। महाराष्ट्र की जिम्मेदारी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री किरण रिजिजू को दी है। पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी रविशंकर प्रसाद को दी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड में फिलहाल महेंद्र भट्ट भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

भट्ट का कार्यकाल काफी पहले ही खत्म हो चुका है। अब संगठन राज्य में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव करवा कर किसी नए चेहरे को मौका दे सकता है। महाराष्ट्र के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले हैं। वे अगस्त 2022 में महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष बने थे। भाजपा को अब नए चेहरे की तलाश है। पश्चिम बंगाल में अभी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार हैं।

# सनसनी नहीं, बुनियादी सिद्धांतों के मुताबिक हो पत्रकारिता : नवनीत कुमार सहगल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र ने दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान 2025 का आयोजन किया। इस समारोह में 12 श्रेणियों में 12 पत्रकारों को पत्रकारिता जगत में उनके विशेष योगदान के लिए देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया गया। देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान समारोह 2024 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी मुख्य वक्ता और प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि पत्रकारों को फेक खबरों से बचना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से अनुरोध किया कि वह सच्ची सटीक और तथ्यों के आधार पर खबर दिखाए ताकि समाज का भरोसा बना रहे। नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाज की अभिव्यक्ति ही सच्ची पत्रकारिता है। पत्रकारों को सनसनी फैलाने से बचना चाहिए और पत्रकारिता के बुनियादी सिद्धांतों के मुताबिक ही पत्रकारिता करनी चाहिए। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के




समय गैरजिम्मेदार पत्रकारिता को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर गर्व का विषय है। देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान समारोह 2025 को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी ने कहा कि पत्रकार नारद कुल के वंशज है। पत्रकारों को लोकहित की बात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत 2047 तक विश्व गुरु बनने की तरफ बढ़ रहा है इस तरह की सार्थक खबरों को समाज तक पत्रकार ही ले जा सकते है। उन्होंने कहा कि समाज निर्माण के लिए जागरूकता वाले विषयों को पत्रकार ही देश दुनिया में ले सकते हैं। भारत के विकास की गौरवशाली यात्रा के सच्चे सारथी पत्रकार ही बन सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिल्ली प्रांत कार्यवाह अनिल गुप्ता ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में पत्रकारों को सम्मानित करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर विजयादशमी के दिन संघ 100 वर्ष का हो जाएगा। शताब्दी वर्ष का पहला कार्यक्रम 26, 27 एवं 28 अगस्त को विज्ञान भवन में पूजनीय सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के व्याख्यानमाला के रूप में होगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली में बृहत गृह संपर्क की योजना है। उन्होंने यह भी बताया कि समाज द्वारा दिल्ली के सभी बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## उपराष्ट्रपति ने 'हरित विस्तारक' प्रतिनिधियों से की मुलाकात



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति निवास पर 'हरित विस्तारक' अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने पृथ्वी के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए त्वरित एवं समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उपराष्ट्रपति ने 'हरित विस्तारक' अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों को स्मरण कराया कि मानवता के पास रहने के लिए कोई दूसरा ग्रह नहीं है, इसलिए हमें अपनी धरती की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे। उन्होंने 'पंच प्रण' की भावना को आत्मसात करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को मजबूत करेगा। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के अंतर्गत अधिक से अधिक वृक्षारोपण का आह्वान किया और युवाओं को प्रेरित किया कि वे इस अभियान को जन आंदोलन बनाएं।

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने किया साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने अपने अधिकारियों और कमर्चारियों को डिजीटल जागरुकता प्रदान करने के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित कार्यशाला में ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर खतरों और सुरक्षित इंटरनेट प्रथाओं के बारे में बताया गया। साइबर सुरक्षा जागरुकता का यह पहला चरण है। अगले चरण में इस जागरुकता अभियान को क्षेत्र स्तर पर ले जाया जाएगा।

इससे यह सुनिश्चित होगा कि साइबर जागरूकता और डिजिटल सुरक्षा अभ्यास फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कर्मचारियों और राज्य-स्तरीय हितधारकों तक पहुंचे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक ने कहा कि आज हम तकनीकी युग में रह रहे हैं जहां हमारा काम और संचार डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ जुड़ा हुआ है। संवेदनशील डेटा को संभालने को लेकर सभी के लिए यह आवश्यक है कि वे सतर्क और अच्छी तरह से सूचित रहें।



उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य अधिकारियों को सही ज्ञान और प्रथाओं से लैस करना है। उन्होंने सभी से इन सत्रों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि पिछले एक दशक में, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने समावेशी विकास और कुशल सेवा वितरण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाया है। पोषण ट्रैकर जैसी पहल ने 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों में मैनुअल रिकॉर्ड की जगह रियल-टाइम डैशबोर्ड लगा दिए हैं, जिससे 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों के लिए डेटा-संचालित निर्णय लेने और सेवा वितरण को सक्षम बनाया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पूरी तरह से कागज रहित, आधार-सक्षम डीबीटी प्रणाली के माध्यम से मोबाइल-आधारित पंजीकरण और लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे धन के वितरण के लिए वास्तविक समय शिकायत निवारण के माध्यम से संचालित होती है। फेशियल रिकग्निशन को अपनाने से लाभार्थियों की सटीक पहचान सुनिश्चित होती है। शी-बॉक्स और मिशन शक्ति पोर्टल, मिशन वात्सल्य पोर्टल जैसे प्लेटफ़ॉर्म सुरक्षा और कानूनी निवारण के लिए तकनीक-आधारित पहुंच प्रदान करते हैं। ऐसे में डेटा की सुरक्षा और इन प्रणालियों में विश्वास बनाए रखने के लिए साइबर सुरक्षा पर जागरूकता और क्षमता निर्माण आवश्यक है।

# फर्जी वीजा रैकेट का पर्दाफाश, हरियाणा का एजेंट गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने एक फर्जी वीजा रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए हरियाणा निवासी एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित नकली कनाडाई वीजा लगवाकर लोगों को विदेश भेजने का धंधा चला रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान यमुनानगर हरियाणा निवासी विशन दत्त उर्फ विशु (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तरसेम लाल (47) निवासी महर माजरा, यमुनानगर, नकली कनाडाई वीजा पर ताइपे होते हुए कनाडा जाने की फिराक में था। लेकिन ताइपे एयरपोर्ट पर वीजा की जांच के दौरान वह फर्जी पाया गया और उसे वहीं से डिपोर्ट कर आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली भेज दिया गया। जांच के दौरान आईजीआई इमिग्रेशन अधिकारियों को उसके पासपोर्ट पर चिपका कनाडाई वीजा संदिग्ध लगा। जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। तरसेम लाल ने पूछताछ में बताया कि उसके कई रिश्तेदार कनाडा में बस चुके हैं। जिससे प्रेरित होकर वह भी वहां जाना चाहता था। उसकी मुलाकात गांव के ही एजेंट विशन से हुई। जिसने 15 लाख में कनाडा पहुंचाने का वादा किया। तरसेम ने 5.5 लाख की अग्रिम राशि नकद, बैंक ट्रांसफर और यूपीआई के ज़रिए एजेंट को दी। 11 मई को तरसेम दिल्ली से मलयेशिया रवाना हुआ। जहां एक महीने तक रहा। इस दौरान एजेंट के साथी ने उसका पासपोर्ट लेकर उस पर नकली वीजा चिपका दिया। इसके बाद तरसेम की यात्रा इंडोनेशिया, बैंकॉक और ताइपे तक कराई गई। लेकिन ताइपे में फर्जी वीजा पकड़े जाने पर उसकी योजना नाकाम हो गई। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने आरोपित की तलाश में कई ठिकानों पर छापेमारी की। तकनीकी निगरानी और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से आखिरकार आरोपित विशन को यमुनानगर के एक ठिकाने से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया और बताया कि वह 8वीं पास है और 2022 से इस फर्जीवाड़े में शामिल है। पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत एजेंट्स से ही वीजा और ट्रैवल डोक्यूमेंट्स बनवाएं।

संपादक की कलम से

## कैंसर को ठीक करने में योग सक्षम

आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है।

कैंसर को नियंत्रित करने में भारतीय योग, आयुर्वेद एवं अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति को आत्मविश्वास व मानसिक बल मिलता है। अध्यात्म के सहारे से जीवन की यात्रा को सुगम व सरल किया जा सकता है। इसे एक पारंपरिक उपचार प्रणाली के रूप में जाना जाता है, जो पूरे शरीर, मन और आत्मा में ऊर्जा के संतुलन और प्रवाह को पुनर्स्थापित करती है। जिस प्रकार दवाई हमारे शरीर के अंदर जाकर बीमारी को ठीक करती है, ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक इलाज हमारे मन को मजबूत बना कर किसी भी बीमारी से लड़ने की हिम्मत देता है। अध्यात्म में वो शक्ति है, जो हारे हुए व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा भर देता है। अध्यात्म के बहुत सारे अंग हैं जैसे- योग, प्राणायाम, मंत्र साधना, ध्यान, आदि। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आप को भीतर से मजबूत बना सकता है। यही वजह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन में अध्यात्म को अपना लेता है, वो कैंसर से जुड़ी हर पीड़ा, वेदना एवं हर परिस्थिति का डटकर सामना करता है। ऐसा व्यक्ति जीवन में कभी हार नहीं सकता।

कैंसर अब एक तरह से जीवनशैली से जुड़ी बीमारी बनती जा रही है। कई बार तो लंबे समय तक यह बीमारी पकड़ में ही नहीं आती। इसका एक बड़ा कारण जागरूकता का अभाव भी है। **कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर** तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व कैंसर दिवस दुनिया के हर कोने में कैंसर की रोकथाम, कैंसर के लक्षणों की पहचान और इलाज के प्रति जागरूकता लाने एक महत्वपूर्ण दिन है, इस दिवस को मनाने की शुरूआत साल 2000 में पेरिस में हुई थी। 4 फरवरी 2000 को पेरिस में ह्यवर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसरह्न कार्यक्रम का आयोजन कर इस दिवस को मनाने की शुरूआत हुई। अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ हर साल एक खास थीम पर वर्ल्ड कैंसर डे मनाता है। यह खास थीम लोगों को जागरूक करने और कैंसर के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए बनाई जाती है। साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम ह्ययूनाइटेड बाय यूनीकह्न रखी गई है। इस थीम को रखने का उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि कैंसर न सिर्फ इलाज से बल्कि लोगों के आत्मविश्वास एवं मनोबल से जीतने वाली एक लड़ाई है, जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। ह्यमैं हूँ और मैं करूँगाह्न जो व्यक्तियों से कैंसर के खिलाफ लड़ाई के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता बनाने का आह्वान करता है। हालांकि, कैंसर पूर्व के कुछ लक्षण दिखते हैं, जिन्हें आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। मुंह में सफेद या लाल धब्बे, शरीर में कहीं गांठ बन जाना और उसका बढ़ना, लंबे समय तक खांसी, कब्ज की लगातार समस्या, अधिक थकान और वजन में गिरावट जैसे लक्षणों को कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कैंसर संक्रामक रोग नहीं है। कैंसर के मरीजों से दूरी न बनाएं, बल्कि उनके साथ जुड़कर उनको मानसिक संबल दें, उनमें सकारात्मक सोच विकसित करें। कैंसर की जंग में सकारात्मक सोच रोगी का सबसे बड़ा हथियार हो सकता है। सकारात्मक सोच वाले शरीर पर ही दवाइयां अपना असर दिखती हैं। इसलिए कभी भी व्यक्ति को हताश नहीं होना चाहिए। योग से शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। रोजाना 30 मिनट तक योग करके कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। विश्व कैंसर दिवस कैंसर के वैश्विक बोझ पर चिंतन करने के साथ-साथ जांच योगमय संतुलित जीवन और जीवनरक्षक उपचार में हुई प्रगति का जश्न मनाने का भी दिन है। पूरे समुदाय को जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, सामूहिक और सरकारी कार्रवाई को प्रेरित करता है।

मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर से करीब 9.7 मिलियन लोगों की मौत हुई थी।

## कांग्रेस को किससे खतरा?

-ललित -

कांग्रेस पार्टी की नीति हमेशा से विभाजनकारी रही है। इनका एजेंडा ही रहा है देश में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर बंटवारा करके अराजकता का माहौल बनाना। इसके लिये वह कभी संविधान को खतरे में बताती है तो कभी जातिगत जनगणना की मांग करती है। एक बार फिर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू में रैली के दौरान कांग्रेस ने जिस तरह इस पर जोर दिया कि संविधान पर हमला किया जा रहा है और महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है, उससे उसकी विचारशून्यता एवं राजनीति अपरिपक्वता ही प्रकट नहीं हो रही है,, बल्कि देश को बांटने की मानसिकता भी उजागर हो रही है। यदि कांग्रेस के रणनीतिकार एवं नेता यह समझ रहे हैं कि वे संविधान के संदर्भ में भय का भूत खड़ा करने और भाजपा एवं संघ के नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश करने से देश की जनता को गुमराह करने, बरगलाने में समर्थ हो जाएंगे तो ऐसा अब होने वाला नहीं है। उलटे इस क्रम में कांग्रेस की विश्वसनीयता और अधिक गिर सकती रही है और वह हास्यास्पद स्थिति का शिकार होकर अपनी राजनीतिक जमीन को कमजोर ही कर रही है। ऐसा हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावों में हुआ है और अब दिल्ली के विधानसभा चुनाव भी ऐसे ही होते हुए दिख रहे हैं।

संविधान के खतरे में होने के कांग्रेस के दुष्प्रचार का लाभ भले ही कुछ सीमा तक लोकसभा चुनाव मिला हो, लेकिन हर बार मतदाता ऐसे नारों एवं दुष्प्रचार में गुमराह नहीं होने वाला है। वैसे भी काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कांग्रेस इस बात को भी तूल दे रही है कि महात्मा गांधी के साथ डॉ. आंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। ये ऐसी बातें हैं, जिनका कोई मूल्य-महत्व नहीं। यह सब अंधेरे में तीर चलाने जैसा है। यह असत्य एवं झूठ की राजनीति है। कांग्रेस भले ही सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की बातें कर रही हो, लेकिन सच यह है कि वह सामाजिक विभाजन की खाई को चौड़ा करते हुए देश को जोड़ने नहीं, बल्कि तोड़ने में जुटी हुई है। अब मतदाता समझदार हो चुका है, वह ऐसे झूठे प्रचार में बार-बार नहीं आने वाला है। कांग्रेस सामाजिक न्याय की बात करते हुए भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी निशाने पर ले रही है, लेकिन कांग्रेस की इन कुचालों का भाजपा एवं आरएसएस करारा जबाव दे रहे हैं।

गत दिवस ही संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा- बंधुभाव ही असली धर्म है।

# सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य पहली शर्त

अरुण कुमार दीक्षित



**सौंदर्य आनं**दित करता है। भारतीय दर्शन सौंदर्य को शब्दातीत मानता है। रामायण में सौंदर्य शब्द के स्थान पर रमणीय, शोभन और चारु शब्द आए हैं। वैदिक साहित्य में मनुष्य का मन सहज प्रकृति के दिव्य रूपों में रमण करता है। वैदिक कालीन अनुभूति प्रतीति को सौंदर्य कह सकते हैं। जब हम आनंद मगन हों तब सौंदर्य घटित होता है। जब सूर्य की अरुणाभा के दर्शन होते हैं तब सौंदर्य ही है। जब पक्षियों का कलरव ब्रह्म मुहूर्त में छंद बन जाए तब सौंदर्य समझो। जब आकाश गंगा रात्रि में जगमग उदीप्त दिखे तो सौंदर्य ही होता है। जब नदियां-झरने गीत गाते आगे बढ़ रहे हो तब वह सौंदर्य ही प्रवाहित होता है। जब अथाह जलराशि पर शुभ्र ज्योत्स्ना नर्तन में हो सौंदर्य है। नदी समुद्र में जब लहरें उफान मारती मचलती हैं तब सौंदर्य है। जब फूल खिलते हैं, सौंदर्य ही है। जब अनायास कोई गीत आपके हृदय में उमड़ आए तब वह ऋचा रूप सौंदर्य है। पूर्णिमा और अमावस्या दोनों सौंदर्य हैं। एक तमस का सौंदर्य तो दूसरा दीप्ति का सौंदर्य है। ऋतुराज बसन्त ऋतुओं का सौंदर्य है।

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के शब्दों में सौंदर्य हमारी धारणा में निहित है। वह कहते हैं- सौंदर्य की विकृत अभिव्यक्ति ही कुरूपता है। कला आत्मविस्मृत आनंद से पोषित होती है। सौंदर्य अनुभूति, भावना कल्पना, संपूर्णता, कला और सौंदर्य शास्त्र की मूल अवधारणाएं हैं। वे न केवल कला को परिभाषित करते हैं, कला और सौंदर्य को जोड़ते भी हैं। कला मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति है। यूनानी दार्शनिक अरस्तू का कहना है कि सुंदरता को मापा जा सकता है। सुंदरता के लिए व्यवस्था समरूपता और निश्चितता प्रमुख है। सुंदर शरीर के रूप को परिभाषित किया है। सुंदरता के लिए गणितीय विज्ञान का भी उपयोग किया। उसका मानना था कला प्रकृति की नकल करती है। अरस्तू ने सौंदर्य के साथ राजनीति और तत्व मीमांसा पर भी कई रचनाएं लिखी है। सौंदर्य मूल्य और कला के बारे में दार्शनिक जांच है। सौंदर्य बोध की प्रथम यात्रा है। सुंदरता नैतिक या शारीरिक आंतरिक सौंदर्य के रूप में व्यक्ति परक है।

श्रीमद्भागवद गीता में सौंदर्य को सत्य कहा गया है। सांसारिक सौंदर्य कृष्ण के सर्वोच्च सौंदर्य की एक झलक है, आभा है। कृष्ण परम सत्य की अभिव्यक्ति हैं। दसवें अध्याय का 41वां श्लोक रामचरितमानस के बालकांड में तुलसीदास ने राम के सौंदर्य पर लिखा है। उनके (राम) नील कमल और गम्भीर (जल से भरे हुए) मेघ के समान श्याम शरीर मे करोड़ों कामदेवों की शोभा है। लाल-लाल चरण कमल के नखों की (शुभ्र) ज्योति ऐसी मालूम होती है जैसे कमल के पत्तों पर मोती स्थिर हो गए हों। (पृष्ठ 182 बालकांड)। कालिदास ने मेघदूत में कई प्रकार के सौंदर्य का वर्णन किया है। नदी, पर्वत, वन, मेघ, पुष्पों और पक्षियों के सौंदर्य को अद्वितीय ढंग दिया है। यक्ष की कथा में अभूतपूर्व सौंदर्य की झलक है।

सौंदर्य प्रसाधन का करोड़ों का कारोबार है। सुंदर दिखने की होड़ है। टीवी-सोशल मीडिया पर सुंदर दिखने और बनने के लाखों तरीके बताए दिखाए जा रहे हैं। नकली पलकें हैं। आंखों के बदलते रंग हैं, रंगों भीतर भी कई रंग हैं। नकली बालों को लगाने और रंगने का चलन बढ़ा है। पहले महिलाओं के लिए साज-सज्जा केन्द्र आये। अब पुरुषों के पार्लर बढ़े हैं। सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में देशी-विदेशी कम्पनियों का भारी मुनाफा है। बात यहीं समाप्त नहीं होती। शरीर को काट कर सुंदर दिखने का चलन यूरोप की तर्ज पर बढ़ा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में प्लास्टिक सर्जरी की मांग बढ़ी है। विज्ञापनों की भरमार है। अन्तस् का सौंदर्य बाजार में नहीं मिलता।

**(पृष्ठ 182 बालकांड)। कालिदास ने मेघदूत में कई प्रकार के सौंदर्य का वर्णन किया है। नदी, पर्वत, वन, मेघ, पुष्पों और पक्षियों के सौंदर्य को अद्वितीय ढंग दिया है। यक्ष की कथा में अभूतपूर्व सौंदर्य की झलक है। सौंदर्य प्रसाधन का करोड़ों का कारोबार है। सुंदर दिखने की होड़ है। टीवी-सोशल मीडिया पर सुंदर दिखने और बनने के लाखों तरीके बताए दिखाए जा रहे हैं। नकली पलकें हैं। आंखों के बदलते रंग हैं, रंगों भीतर भी कई रंग हैं। नकली बालों को लगाने और रंगने का चलन बढ़ा है। पहले महिलाओं के लिए साज-सज्जा केन्द्र आये। अब पुरुषों के पार्लर बढ़े हैं। सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में देशी-विदेशी कम्पनियों का भारी मुनाफा है। बात यहीं समाप्त नहीं होती। शरीर को काट कर सुंदर दिखने का चलन यूरोप की तर्ज पर बढ़ा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में प्लास्टिक सर्जरी की मांग बढ़ी है। विज्ञापनों की भरमार है। अन्तस् का सौंदर्य बाजार में नहीं मिलता।**

सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य (एम्थी) पहली शर्त है। जब हम प्राकृतिक दृश्यों को देखते हैं तो केवल स्वयं एक सुखद अनुभूति में होते हैं। हम बगल में बैठे व्यक्ति का ध्यान सुंदर दृश्य की ओर खींचते हैं कि वह भी सौंदर्य का आनंद ले। सौंदर्य का व्यावहारिक पक्ष यही है कि प्रत्येक व्यक्ति सुंदर वस्तुओं से आकर्षित होता है। चाहे हंसता गुलाब, जूही-चम्पा, लीली और उस पर मंडराती तितलियां, रंगबिरंगी चिड़िया भौरें हों। मनोरम घाटियां, जगमग सितारे, भव्य पूर्णिमा के चांद का सौंदर्य आकर्षित करता हैं। प्रत्येक सुंदर वस्तु के दो पक्ष होते हैं- जड़ और चेतन। इंद्रियों से समझा जाने वाला रूप आकार और उसके माध्यम से अभिव्यक्त विचार, सौंदर्य अनुभूति, कला सृजन परस्पर संबंधित हैं। सौंदर्य शास्त्र का एक विषय के रूप में अध्ययन (स्टेथिक्स) कहलाता है। इसे स्वतंत्र विषय बनाने वाला 18वीं सदी का जर्मन दार्शनिक बामगार्टन था। भारत में सौंदर्य "रस" रूप में देखा गया है

सौंदर्य अनुभूति का सबसे सशक्त स्थल भरत मुनि ने रंगमंच को माना है, जहां प्रत्येक प्रेक्षक भाव विभोर होकर "रस" अनुभूति करता है। जिन चीजों में आनंद आता है उन सुंदर चीजों को देखकर हृदय बार-बार उसी ओर आकर्षित हो जाता है। उसकी छाया पीछा करती है। गीत फूटने लगते हैं। यह भौतिक आनंद क्षणिक होता है। सौंदर्य विषय पर प्राचीनकाल से चिंतन मंथन है। कला शरीर है। सौंदर्य उसकी आत्मा है। सच्ची कला सौंदर्य का ही मूर्ति रूप होती है। कला बिना पढ़े समझ में आती है। प्राचीनकाल में मानव ने पर्वतों की गुफाओं में पशुओं सहित भिन्न प्रकार के चित्र उकेरे हैं। यह चित्र हमें उस पाषाण, पुरापाषाण काल की सूचनाएं देते हैं कि तब का मानव कैसा था। चित्र भाषा, मानव आत्मा की भाषा है। सौंदर्य का अस्तित्व भी इसलिए है कि दुनिया में कुरूपता भी है। यही कारण है कि सौंदर्य कुरूपता का परिष्कृत रूप है। गुण की पहचान अवगुण है। विशेष कर पश्चिमी देशों में सौंदर्य की प्रतियोगिताएं होती हैं। विश्व सुंदरी के चुनाव के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता होती है। ऊपर से कुरूप व्यक्ति तब सुंदर दिखाई देगा जब उसके कार्यों में शुभता और लोकमंगल हो। सौंदर्य अनुभूति अन्य अनुभूतियों से भिन्न है। आंतरिक आनंद की भावना इस अनुभूति में बड़ी होती है। सौंदर्य की प्रशंसा और सम्मोहन इसका चरित्र है। सौंदर्य की अनुभूति को अंग्रेजी में (एम्थी) कहते हैं यह आवश्यक शर्त है। तादात्म्य के अभाव में सौंदर्य को पूरा का पूरा अनुभव नहीं किया जा सकता। गायक कुछ गा रहा है।

## आयकर कानून के सरल होने विवाद घटेंगे

**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरूआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चें पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते. गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड से 34 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी।

# अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक अनाज जरूरी

**– बाबा मायाराम**

जन स्वास्थ्य सहयोग के डॉक्टरों का मानना है कि बीमारी का संबंध कुपोषण से है। खाने की कमी से है। एक व्यक्ति के स्वास्थ्य और विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। पोषण का संबंध खेती से है। इसलिए स्वास्थ्य की स्थिति सुधारने के लिए कृषि कार्यक्रम चला रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के एक छोटे कस्बे गनियारी में कांग, कोसरा, कुटकी और मड़िया की फसलें हवा में लहलहा रही हैं। कांग के हरे पौधे में सुनहरी लम्बी बालियां मोह रही हैं। कोसरा में मोतियों की तरह दाने हैं। मड़िया की बालियां किसी गुड़िया की चोटियों की तरह खड़ी हैं। लेकिन यह बारिश की फसल नहीं, गर्मी की फसल है। आज इस कॉलम में पौष्टिक अनाजों की चर्चा करें, जो पूरी तरह जैविक हैं, और सेहत के लिए भी अच्छे हैं।

हाल ही मैं यहां अप्रैल के पहले हफ्ते में गया था। यह जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का खेत था। खेत में लहलहाती फसल को बहुत देर तक देखते ही रहा। हरे-भरे खेत थे और बालियां दानों से भरी थीं। जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था वैसे तो स्वास्थ्य पर काम करती है, लेकिन सिर्फ इलाज ही नहीं, रोगों की रोकथाम पर ध्यान देती है।

इस संस्था में प्रायः जाता रहता हूं। एक तो यहां कम कीमत में अच्छा इलाज होता है, दूसरा यहां स्वास्थ्य को समग्रता से देखा जाता है। संस्था ने कृषि कार्यक्रम, पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किया है। आयुर्वेद चिकित्सा से भी इलाज की व्यवस्था की है। यह सब मुझे प्रभावित करते हैं।

आगे बढ़ने से पहले संस्था के बारे संक्षिप्त में जानना उचित होगा। जन स्वास्थ्य सहयोग (जेएसएस) स्वास्थ्य पर काम करने वाली गैर सरकारी संस्था है,जो यहां वर्ष 1999 से कार्यरत है। स्वास्थ्य की मौजूदा हालत से चिंतित होकर दिल्ली के कुछ मेधावी डाक्टरों ने इसकी शुरूआत की थी। जन स्वास्थ्य सहयोग केन्द्र, बिलासपुर से 20 किलोमीटर दूर गनियारी में स्थित है।

संस्था के कार्यकर्ता बताते हैं कि ग्रीष्मकाल में पौष्टिक अनाज की खेती का प्रयोग साल 2014-15 से चल रहा है। यह पूरी तरह जैविक है, रासायनिक खादों का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया जाता है। पहले इन अनाजों का थरहा डाला जाता है, उसके बाद रोपाई के बाद निंदाई-गुड़ाई की जाती है। और फसल पक जाती हैं। बिलासपुर जिले का यह इलाका अचानकमार के जंगल से लगा है। अन्य जातियों के अलावा गोंड और बैगा आदिवासी यहां के बाशिन्दे हैं। बैगाओं की पहचान उनकी बेंवर खेती (झूम खेती और अंग्रेजी में इसे शिफ्टिंग कल्टीवेशन कहते हैं) से होती है, जिसमें वे कई तरह के अनाज एक साथ होते थे। इसमें अनाज के साथ दालें भी होती थीं। यह खेती संतुलित व पर्याप्त भोजन देने में सक्षम थी।

जन स्वास्थ्य सहयोग के डॉक्टरों का मानना है कि बीमारी का संबंध कुपोषण से है। खाने की कमी से है। एक व्यक्ति के स्वास्थ्य और विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। पोषण का संबंध खेती से है। इसलिए स्वास्थ्य की स्थिति सुधारने के लिए कृषि कार्यक्रम चला रहे हैं।

इस कृषि कार्यक्रम के दो हिस्से हैं। एक तो जन स्वास्थ्य सहयोग की जमीन पर विविध देसी बीजों की फसलें उगाना, उनकी जानकारी एकत्र करना, उन्हें संरक्षित करना, देसी बीज और उनकी जानकारी किसानों तक पहुंचाना। और दूसरा, किसानों के साथ मिलकर उनको जैविक खेती से जोड़ना, खेती के वैकल्पिक प्रयोग करना, कार्यशालाओं, बैठकों और कृषि प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों तक यह जानकारी पहुंचाना और उन्हें जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करना। खास बात यह है कि यहां जो भी फसलें उगाई जाती हैं, पूरी तरह बिना रासायनिक खाद के और जैविक तरीके से उगाई जाती हैं। मिट्टी-पानी के संरक्षण के साथ बोई जाती हैं। जन स्वास्थ्य सहयोग का समृद्ध देसी बीज बैंक है। उसमें धान के 425, गेहूं 16, मड़िया ( रागी) की 6 और सेमी की 9 किस्में हैं। इसके अलावा, बैंगन, भिंडी, दलहन, तिलहन, अलसी, तिली, सेमी की देसी किस्में हैं। विविध धान किस्मों में महीन, सुगंधित, भूरी, हरी, काली और लाल चावल शामिल हैं। इनमें जल्दी पकने वाली और देर से पकने वाली किस्में शामिल हैं। होमप्रकाश साहू कहते हैं इस साल खेत में प्रयोग किया और श्री पद्धति से बुआई की गई। इसमें बीज की मात्रा कम लगती है और खेत में पानी भरकर भी नहीं रखा जाता, जिससे पौधे को अच्छी हवा, प्रकाश और भरपूर ऊर्जा मिलती है और पैदावार अच्छी होती है। इस पद्धति को मेडागास्कर पद्धति के नाम से भी जाना जाता है। यह प्रयोग गर्मी में इसलिए किया गया क्योंकि बारिश में ज्यादा पानी में ये फसलें सड़ जाती हैं, इन्हें कम पानी की जरूरत है। विशेषकर, यह पौष्टिक फसलें इसलिए भी उपयोगी है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में अब गर्मी में धान की फसल लेने का प्रचलन शुरू हुआ है,जो ज्यादा पानी मांगती है। भूजल का अत्यधिक दोहन होता है। पानी की बबार्दी होती है। इससे भूजल लगातार नीचे जा रहा है। यह फसलें कम पानी वाली हैं और गर्मी के धान का बेहतर विकल्प हैं। होमप्रकाश साहू आगे कहते हैं कि हमारे ये पौष्टिक अनाज लोगों को पोषणयुक्त भोजन देंगे, जो गर्मी में कम पानी में पक जाते हैं। इनमें सब्जी की तरह ही पानी चाहिए। धान की तरह खेतों में पानी भरकर रखने की जरूरत नहीं हैं। जंगल और ग्रामीण इलाकों में पोषण की बहुत कमी है। यह बहुत ही पौष्टिक फसलें हैं, इनमें लौह तत्व, कैल्शियम,रेशे सभी पोषक तत्व होते हैं। कई बीमारियों से बचाव करते हैं। अब तो डॉक्टर भी पौष्टिक अनाजों को खाने की सिफारिश करते हैं, खान-पान में विविधता सेहत के लिए अच्छी मानी जाती है। कोटा विकासखंड के सरईपाली गांव के धामसिंह मरावी ने मड़िया की खेती की है। यहां मुझे संस्था के पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के महेश शर्मा लेकर गए थे। धामसिंह ने खेती के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हालांकि मड़िया रोपाई में थोड़ी देर हुई, पर फसल अच्छी है। अगले वर्ष इसका ख्याल रखा जाएगा। धामसिंह के खेत को मैंने भी देखा, इसकी रखवाली के लिए मचान बनाया गया है। मचान से पूरा खेत दिखता है, घर के बुजुर्ग खेतों की रखवाली करते हैं। इसी प्रकार, झींगटपुर के गिरधारीलाल पोरते ने भी मड़िया की खेती की है।धामसिंह मरावी, संस्था के पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, जो आसपास के गांवों के पशुओं का इलाज करते हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं में कमी आ रही है, लेकिन संस्था के प्रयासों से पशुओं का इलाज किया जाता है। यह स्थायी आजीविका का अच्छा स्त्रोत है।

## नीरज चोपड़ा एनसी क्लासिक देखने के इच्छुक फैन की इच्छा पूरी करेंगे, यात्रा का पूरा खर्च उठाएंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रूपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरू यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया जिसमें पांच जुलाई को होने वाली स्पर्धा के लिए बेंगलुरू में रहने का बंदोबस्त भी शामिल है। तमिलनाडु के कोयंबटूर के भालाफेंक प्रशंसक रंजीत कुमार रविचंद्रन ने सोशल मीडिया पर ट्वीट करके कहा था कि वह भारत में नीरज चोपड़ा के नाम पर होने वाला यह टूर्नामेंट देखना चाहते हैं। उन्होंने लिखा था, 'कोई मुझे 2000 रुपए दे सकता है ताकि मैं कोयंबटूर से जाकर यह देख सकूं। चोपड़ा ने जवाब में लिखा, 'हैलो रंजीत। तुम्हें बेंगलुरू में पूरा वीवीआईपी अनुभव मिलेगा क्योंकि एनसी क्लासिक देखने के लिए इस यात्रा का खर्च मैं उठाऊंगा। रेडिसन होटल को धन्यवाद क्योंकि तुम मुझसे 90 मीटर की दूरी पर रहोगे। मिलते हैं। यह टूर्नामेंट 24 मई को होना था लेकिन भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया।

## 'इसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती', भारत-पाक मैच पर बोले पर रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों में उत्साह और चर्चा बेजोड़ है, क्योंकि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऐसे कई मैचों का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने माना कि इन मुकाबलों से पहले का माहौल बेजोड़ होता है। टी20 विश्व कप 2024 में दोनों के बीच हुए मुकाबले को याद करते हुए रोहित ने कहा कि मैच से पहले का माहौल किसी उत्सव जैसा था, जो उनके होटल से शुरू होकर स्टेडियम तक फैला हुआ था। भारत ने कम स्कोर वाले रोमांचक मैच 6 रन से मैच जीता, जिसमें जसप्रीत बुमराह ने 14 रन देकर 3 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। रोहित ने कहा, भारत बनाम पाकिस्तान मैच से पहले हमें बताया गया कि कोई खतरा है - कुछ चल रहा है। इसलिए, खेल से दो दिन पहले, हमें होटल से बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी। वहां से माहौल बनना शुरू हुआ। हम खाने का ऑर्डर दे रहे थे, और होटल इतना भरा हुआ था कि आप मुश्किल से चल पा रहे थे। प्रशंसक, मीडिया - हर कोई वहां था। तब आपको एहसस होता है कि यह कोई आम मैच नहीं है, कुछ खास होने वाला है।

## ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के दौरान वेस्टइंडीज के क्रिकेटर पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पुरुष टीम का हिस्सा रहे वेस्टइंडीज के एक क्रिकेटर पर बलात्कार और यौन उत्पीड़न सहित यौन दुराचार के कई गंभीर आरोप लगे हैं। इन आरोपों की रिपोर्ट सबसे पहले गुयाना के आउटलेट कैएटूर न्यूज ने की थी और बाद में स्पोर्ट्समैक्स टीवी ने इसे और बढ़ा दिया। इस घटना में कम से कम ग्यारह महिलाएं शामिल हैं, जिनमें से एक कथित तौर पर किशोरी है। यह खबर ऐसे समय में आई है जब वेस्टइंडीज की पुरुष टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की महत्वपूर्ण सीरीज खेल रही है जिसका पहला टेस्ट वर्तमान में केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में चल रहा है। मैदान पर शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम अब मैदान के बाहर की एक समस्या से जूझ रही है जिसके कानूनी और प्रतिष्ठा संबंधी बड़े परिणाम हो सकते हैं। मुख्य आरोप गुयाना के बर्बिस की एक युवती ने लगाया था। उसके बाद से कई अन्य महिलाएं भी सामने आई हैं, जिन्होंने यौन उत्पीड़न, अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न की घटनाओं का आरोप लगाया है। कम से कम 11 महिलाओं ने आरोप लगाए हैं। एक अखबार ने क्रिकेटर को बचाने के उद्देश्य से संभावित कवर-अप का आरोप लगाया है। कई पीड़ितों का मानना ??है कि अधिकारियों ने जानबूझकर मामले को दबा दिया है।

## गौरव सिंह चौहान ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, बंगाल प्रो टी20 लीग में शतक लगाने वाले पहला खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली।** गौरव सिंह चौहान ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए बंगाल प्रो टी20 लीग का पहला शतक लगा दिया है। कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में श्राची राढ़ टाइगर्स ने सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के खिलाफ जीत के लिए 161 रनों का पीछा करते हुए गौरव सिंह चौहान की शतकीय पारी की बदौलत यह लक्ष्य हासिल किया। यह बंगाल प्रो टी20 लीग का पहला शतक था। इस दौरान अभिषेक बोस भी क्रीज पर उनके साथ मौजूद थे जिन्होंने अर्धशतक लगाया। श्राची राढ़ टाइगर्स ने 9 विकेट से जीत दर्ज की। गौरव सिंह चौहान ने सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के खिलाफ सिर्फ 55 गेंदों पर 103* रन बनाकर बंगाल प्रो टी20 लीग के इतिहास का पहला शतक बनाया। दाएं हाथ के इस तेजतर्रार बल्लेबाज ने श्राची राढ़ टाइगर्स की पारी के 18वें ओवर में सूरज सिंधु जायसवाल के खिलाफ विजयी शॉट लगाकर अपना शतक पूरा किया। चौहान ने दूसरे विकेट के लिए 152 रन जोड़े, साथ ही उनके साथी नाबाद बल्लेबाज और अर्धशतकधारी अभिषेक बोस ने 46 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 51* रन बनाए।

# हेज़लवुड की घातक गेंदबाज़ी, ऑस्ट्रेलिया ने तीन दिन में ही जीता टेस्ट, वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

एजेंसी

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेज़लवुड (5/43) की घातक गेंदबाज़ी के दम पर वेस्टइंडीज को बारबाडोस टेस्ट के तीसरे दिन ही 159 रनों से हराकर सीरीज़ में शानदार जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी अंतिम सत्र में ही सिमट गई, जिसमें आखिरी दो विकेट नाथन लायन ने लगातार दो गेंदों पर लेकर मुकाबले का अंत किया। शमर जोसेफ के आक्रामक तेवर और जस्टिन ग्रीव्स की रक्षात्मक बल्लेबाज़ी की बदौलत एक समय ऐसा लगा कि मैच चौथे दिन तक खींचेगा, हालांकि, शमर जोसेफ स्लिप में और जेडन सील्स शॉर्ट लेग पर आउट हुए, जिससे मैच का अंत उसी शाम हो गया। हेड को मिला 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कारट्रैविस हेड को दोनों पारियों में अर्धशतक लगाने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने मुश्किल पिच पर साहसिक बल्लेबाज़ी की और वेस्टइंडीज की



खराब फील्डिंग से भी लाभ उठाया। मैच में वेस्टइंडीज ने 7 कैच छोड़े। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में कैरी, वेबस्टर और हेड चमके ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में एलेक्स कैरी (65), ब्यू वेबस्टर (63) और ट्रैविस हेड (61) ने अहम पारियां खेलीं। कैरी ने केवल 40 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जिसमें कुछ दर्शनीय स्ट्रोक भी शामिल थे। उन्होंने शमर जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए सीधे छक्के भी लगाए। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में हेज़लवुड ने सबसे ज्यादा कहर बरपाया। उन्होंने एक ही ओवर में ब्रैंडन किंग और जॉन कैम्पबेल को आउट किया, जबकि रॉस्टन चेस और केसी कार्टी को भी चलता किया।

कप्तान पैट कमिंस को भी एक कम गेंद पर शाई होप का विकेट मिला, जो अंदर की ओर आई गेंद पर बोल्ड हो गए। मर्नस लाबुशेन ने एक सटीक थ्रो से अल्जारी जोसेफ को रनआउट किया, जबकि लायन ने आखिरी दो विकेट लेकर मैच समाप्त किया। वेस्टइंडीज की तरफ से शमर जोसेफ ने 44 रनों की तेज़तर्रार पारी खेली और दूसरी पारी में 5 विकेट भी चटकाए, लेकिन उनका यह प्रदर्शन हार को नहीं टाल सका। उन्होंने मैच में सबसे ज्यादा ओवर भी फेंके।

## जीएमआर आरपीएल सीजन 1 में पॉइंट्स टेबल पर टॉप पर रही हैदराबाद हीरोज

एजेंसी

**मुंबई।** हैदराबाद हीरोज जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग के सीजन 1 के लीग चरण को पॉइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान के साथ समाप्त करेगी क्योंकि उन्होंने इस चरण में अपने अभियान का समापन शाहाजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मुंबई में 31-7 की शानदार जीत के साथ किया। शनिवार को हैदराबाद हीरोज चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेगी। हैदराबाद हीरोज ने बिजली की गति से शुरुआत की और पहले ही मिनट में स्कोरबोर्ड पर अंक जोड़ दिए। सुकुमार हेम्ब्रोम ने दमदार प्रयास से ट्राई हासिल की और टेरियो टामानी ने इसे आसानी से कन्वर्ट कर दिया। दिल्ली रेड्ज़ शुरू में हैरान रह गई, लेकिन पेनल्टी ट्राई के ज़रिए वापसी की। हीरोज़ ने दर्शनीय खेल दिखाने का मन बना लिया था और पहले हाफ के खत्म होने से पहले टेरियो टामानी ने शानदार मूव के जरिए संबित प्रधान को ट्राई के लिए सेट किया। प्रधान ने ट्राई की और जल्द ही जोजी नासोवा ने भी स्कोर किया, दोनों प्रयासों को टामानी ने कन्वर्ट कर दिया। हाफ टाइम तक हीरोज़ 21-7 की बढ़त में थे।ब्रेक के बाद भी हीरोज़ का दबदबा जारी रहा, जब लाउटारो वेल्ज़ ने आसानी से ट्राई की और पांच और अंक जोड़ दिए। अंतिम क्वार्टर में मैनुएल मोरेनो ने एक और ट्राई की और जीत पर मुहर लगा दी।

## विंबलडन 2025 पुरुष ड्रॉ: सेमीफाइनल में सिनर बनाम जोकोविच की संभावित टक्कर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विंबलडन 2025 के ड्रॉ जारी हो चुके हैं और पुरुष एकल वर्ग में टॉप सीड जैनिक सिनर और सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के बीच सेमीफाइनल भिड़ंत की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 30 जून से 13 जुलाई तक लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में खेला जाएगा। हाल ही में फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में सिनर ने जोकोविच को सीधे सेटों में हराया था और अब एक बार फिर दोनों के आमने-सामने होने की संभावना है।

**अल्कराज और ज्वेरेव दूसरे हाफ में**

गत विजेता और विश्व नंबर 2 कार्लोस अल्कराज ड्रॉ के दूसरे हिस्से में तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ हैं। स्पेन के अल्कराज की संभावित क्वार्टरफाइनल भिड़ंत आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क के होल्गर रून से हो सकती है। वहीं अमेरिका के पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना क्वार्टरफाइनल में ज्वेरेव से हो सकता है। अल्कराज अपने खिताब बचाओ अभियान की शुरुआत 38 वर्षीय इटालियन फैबियो फोगनिनी के खिलाफ करेंगे जबकि ज्वेरेव पहले दौर में फ्रांस के आर्थर रिंदरनेश से भिड़ेंगे।

**सिनर और जोकोविच का कठिन सफर**

टॉप सीड जैनिक सिनर पहले दौर में अपने हमवतन लूका नार्दी से खेलेंगे। क्वार्टरफाइनल में उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेत्ती से हो सकता है, जो पिछले साल सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। छठी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच का पहला मुकाबला फ्रांस के विश्व नंबर 40 एलेक्जेंडर म्युलर से होगा। जोकोविच इस बार रोजर फेडरर के आठ विंबलडन खिताबों के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे।

**ब्रिटेन के जैक ड्रेपर पर रहेंगी नजरें**

ब्रिटिश नंबर 1 और चौथी वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर का ड्रॉ बेहद चुनौतीपूर्ण है। पहले दौर में उनका सामना अर्जेंटीना के सेबास्टियन बाएज़ से होगा, जबकि दूसरे दौर में वे 2017 के उपविजेता मारिन सिलिच से टकरा सकते हैं। तीसरे दौर में हाल ही में हैले ओपन जीतने वाले और 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर बब्लिक के साथ मुकाबला हो सकता है, वहीं चौथे दौर में 15वीं वरीय जाकुब मेंसिक उनका इंतज़ार कर सकते हैं। क्वार्टरफाइनल में संभावित भिड़ंत नोवाक जोकोविच से हो सकती है।

**पहले दौर के मुकाबले जिन पर रहेंगी नजरें:**

जैनिक सिनर (इटली) बनाम लूका नार्दी (इटली)

उगो हम्बर्ट (फ्रांस) बनाम गेल मॉनफिल्स (फ्रांस)


एलेक्जेंडर बब्लिक (कजाखस्तान) बनाम जौमे मुनार (स्पेन)

टेलर फ्रिट्ज (अमेरिका) बनाम जियोवानी म्पेचि पेरिकार्ड (फ्रांस)

## फीफा क्लब वर्ल्ड कप: रियल मैड्रिड ने साल्ज़बर्ग को 3-0 से हराया, अंतिम 16 में किया प्रवेश

एजेंसी

**फिलाडेल्फिया।** विनीसियस जूनियर के एक गोल और एक असिस्ट की बदौलत रियल मैड्रिड ने शुक्रवार (भारतीय समयानुसार) को आरबी साल्ज़बर्ग को 3-0 से हराकर फीफा क्लब वर्ल्ड कप के ग्रुप-एच में शीर्ष स्थान हासिल किया और प्री-क्वार्टरफाइनल (राउंड ऑफ 16) में अपनी जगह पक्की कर ली। स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड ने ग्रुप स्टेज में कुल सात अंक हासिल किए, जबकि सऊदी अरब की अल-हिलाल की टीम पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। ऑस्ट्रिया की साल्ज़बर्ग (चार अंक) और मैक्सिको की पाचुका (शून्य अंक) की टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।अब रियल मैड्रिड का सामना मंगलवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में ग्रुप-जी की उपविजेता युवेंटस से होगा, जबकि अल-हिलाल सोमवार को ऑरलैंडो में मैनचेस्टर सिटी से भिड़ेगी। फिलाडेल्फिया में बारिश के बीच खेले गए मुकाबले में ज़ाबी अलोंसो की कोचिंग वाली रियल मैड्रिड की टीम ने पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। साल्ज़बर्ग की टीम शुरुआत से ही संघर्ष करती नजर आई और गोल के ज्यादा मौके नहीं बना सकी। हालांकि साल्ज़बर्ग के



18 वर्षीय गोलकीपर क्रिश्चियन ज़ाविएशित्स्की ने शुरुआत में ही विनीसियस जूनियर का एक जबरदस्त शॉट रोककर शानदार बचाव किया। इसके बावजूद विनीसियस ने कई मौके बनाए और 40वें मिनट में जूड बेलिंगहम के शानदार पास पर उन्होंने दो डिफेंडरों को छकाते हुए बॉक्स के किनारे से बेहतरीन गोल दागा।पहले हाफ के इंजुरी टाइम में विनीसियस ने एक और जादू दिखाया। बॉक्स में मिली ढीली गेंद को उन्होंने बैकहील पास के ज़रिए फेडेरिको वाल्वर्डे को दिया, जिन्होंने करीब से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया और स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा लेकिन कई मौकों को भुनाने में नाकाम रही। अंततः 84वें मिनट में गोंज़ालो गार्सिया ने तेज काउंटर अटैक के दौरान गोलकीपर को चकमा देकर तीसरा गोल दागा और टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित कर दी।

# फीफा क्लब वर्ल्ड कप:अल-हिलाल ने पचुका को हराया, अंतिम 16 में मैनचेस्टर सिटी से मुकाबला

एजेंसी

**ऑरलैंडो।** सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने (भारतीय समयानुसार) को मेक्सिको के क्लब पचुका को 2-0 से हराकर फीफा क्लब वर्ल्ड कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ अल-हिलाल ग्रुप एच में रियल मैड्रिड के बाद दूसरे स्थान पर रहा और अब उसका सामना सोमवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में मैनचेस्टर सिटी से होगा। मैच में पहला गोल 22वें मिनट में सालेम अल-डॉसरी ने किया, जबकि स्टॉपेज टाइम में मार्कोस लियोनार्डो ने दूसरा गोल दागकर जीत सुनिश्चित की। चार बार की एशियाई चैंपियन अल-हिलाल को इस जीत से पांच अंक मिले, जबकि रेड बुल साल्ज़बर्ग चार अंकों के साथ बाहर हो गई। पहले ही



दो मैच हारने के कारण बाहर हो चुका पचुका मुकाबले में जोश में दिखा, लेकिन कालिदू कुलीबाली की अगुवाई में अल-हिलाल की मजबूत डिफेंस ने सालोमन रोंडन को रोक दिया और मेक्सिकन टीम को सिर्फ दूर से शूट करने के मौके दिए। अल-हिलाल की स्टार स्टडेड टीम में कई विदेशी नाम शामिल हैं, लेकिन पहला गोल दो घरेलू खिलाड़ियों की बदौलत आया। नासिर अल-डॉसरी ने गेंद को कब्जे में लेकर कप्तान सालेम को पास दी, जिन्होंने एक टच में बॉल कंट्रोल कर दूसरे टच में गेंद को गोलकीपर के ऊपर से नेट में डाल दिया। हालांकि, लियोनार्डो को पहले हाफ में और फिर 83वें मिनट में स्कोर करने का शानदार मौका मिला, लेकिन वह चूक गए। पचुका के खिलाड़ी इलियान हर्नांदेज़ ने 84वें मिनट में एक हेडर से खतरा पैदा किया, जो गोलपोस्ट के पास से बाहर चला गया, लेकिन स्टॉपेज टाइम के पांचवें मिनट में लियोनार्डो ने नेवेस के पास पर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में डालकर स्कोर 2-0 कर दिया। अब अल-हिलाल को मैनचेस्टर सिटी जैसी ताकतवर टीम से भिड़ना है।

## विंबलडन 2025 के महिला एकल वर्ग में पहले दौर के मुकाबले बेहद दिलचस्प होंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विंबलडन 2025 के महिला एकल वर्ग में पहले दौर के मुकाबले बेहद दिलचस्प रहने वाले हैं। 2022 की चैंपियन और 11वीं वरीय कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना अपने अभियान की शुरुआत आर्मीनिया की एलीना अवानेस्यन के खिलाफ करेंगी। अगर रायबाकिना शुरुआती मुकाबले जीतती हैं, तो चौथे दौर में उनकी भिड़ंत विश्व नंबर 1 इगा स्वियातेक से हो सकती है।

गत चैंपियन बारबोरा और दो बार की विजेता क्वितोवा भी एक्शन मे चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेज़चिकोवा, जो 24वीं वरीयता प्राप्त हैं और मौजूदा चैंपियन भी हैं, पहले दौर में फिलीपींस की अलेक्जेंड्रा एला से भिड़ेंगी। वहीं, दो बार की विंबलडन विजेता पेट्रा क्वितोवा को इस बार वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। यह उनके करियर का आखिरी विंबलडन होगा, जिसमें उनका सामना 10वीं वरीय अमेरिकी खिलाड़ी एम्मा नवारो से होगा।

**ब्रिटिश स्टार रेडुकानु और युवा प्रतिभाएं आमने-सामन**

ब्रिटेन की नंबर एक खिलाड़ी एम्मा रेडुकानु का पहला मुकाबला अपने ही देश की किशोर वाइल्डकार्ड एंट्री मिंगे जू से होगा। यह मुकाबला घरेलू दर्शकों के लिए काफी रोमांचक रहने वाला है। रेडुकानु अगर पहले दौर में जीत दर्ज करती हैं, तो दूसरे दौर में उनका सामना 2023 की चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा से हो सकता है। इसके बाद तीसरे दौर में उन्हें एरिना सबालेंका जैसी दिग्गज खिलाड़ी का सामना करना पड़ सकता है।

# नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स में अनिश भंवाला और नर्मदा नितिन का दबदबा

एजेंसी

**देहरादून।** पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपियन अनिश भंवाला ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (पुरुष) स्पर्धा में लगातार दूसरा ट्रायल जीतकर अपनी जबरदस्त फॉर्म का परिचय दिया। तमिलनाडु की नर्मदा नितिन ने 10 मीटर एयर राइफल (महिला) प्रतियोगिता में सधे हुए प्रदर्शन के दम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह प्रदर्शन नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 के चौथे दिन सामने आया, जो त्रिशूल शूटिंग रेंज, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में ग्रुप 'ए' राइफल और पिस्टल निशानेबाज़ों के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।

**नर्मदा ने अनुभव को मात दी**

10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में नर्मदा ने शांतचित्त और संतुलित निशानेबाजी करते हुए 24 शॉट में 253.7 अंक हासिल किए और आईएसएसएफ वर्ल्ड कप



फाइनल की रजत पदक विजेता सोनम उत्तम मास्कर को 1.7 अंकों से हराकर स्वर्ण पर कब्जा जमाया। दिल्ली की राजश्री अनिलकुमार ने 22 शॉट के बाद 230 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हालांकि, क्वालिफिकेशन राउंड में नर्मदा ने 629.5 अंक के साथ छठे स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस राउंड में मेहुली घोष ने 632.2 अंकों के साथ टॉप किया, जो सोनम से महज 0.1 अंक ज्यादा था। राजश्री ने 631.9, श्रेया अग्रवाल (630.5), विदर्शा के विनोद (630.3), अयोनीका पॉल (629.4) और ज्ञानेश्वरी जयवीर पाटिल (629.3) ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

**अनिश भंवाला का दबदबा बरकरार**

पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टी4 फाइनल में अनिश भंवाला ने फिर से खुद को साबित करते हुए 30 का परफेक्ट स्कोर किया और लगातार दूसरा फाइनल अपने नाम किया। नेवी के प्रदीप सिंह शेखावत ने उन्हें कड़ी टक्कर दी लेकिन 29 अंकों के साथ उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा, जबकि हरियाणा के आदर्श सिंह ने 23 अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया।

क्वालिफिकेशन राउंड में भी अनिश ने 584-20× स्कोर कर टॉप किया, जिससे उन्होंने क्वालिफिकेशन और फाइनल दोनों में जीत दर्ज की। आदर्श ने 581-14×, और मनदीप सिंह ने 579-16× के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। भावेश शेखावत (577-10×), उदयवीर सिद्धू (576-15×) और प्रदीप सिंह शेखावत (574-22×) ने भी कड़ा मुकाबला दिया और खुद को शीर्ष दावेदारों में शामिल किया। ट्रायल्स के पांचवें दिन तीन प्रमुख 10 मीटर एयर राइफल (महिला) टी4, 25 मीटर पिस्टल (महिला) टी4, 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स (पुरुष) टी3 फाइनल्स खेले जाएंगे।

## नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड रैंकिंग में फिर हासिल किया शीर्ष स्थान, अरशद नदीम चौथे नंबर पर

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर विश्व रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। इस सप्ताह वर्ल्ड एथलेटिक्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी ताजा रैंकिंग में नीरज ने ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान दोबारा प्राप्त किया। पिछले साल 17 सितंबर को ब्रुसेल्स में डायमंड लीग फाइनल जीतने के बाद पीटर्स ने नीरज से नंबर-1 स्थान छीना था। लेकिन लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नीरज ने फिर से बाज़ी मार ली। ताजा रैंकिंग के अनुसार, नीरज के 1445 अंक हैं जबकि पीटर्स 1431 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर 1407 अंकों के साथ तीसरे और पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

## डोपिंग में फंसी धाविका ट्विंकल चौधरी, एआईयू ने किया सस्पेंड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेशनल गेम्स में कई पदक जीत चुकीं मिडिल डिस्टेंस धाविका ट्विंकल चौधरी को डोप टेस्ट में फेल पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने उन्हें प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड मेथाइलटेस्टोस्टेरोन के सेवन का दोषी पाए जाने पर यह कार्रवाई की है। 28 वर्षीय ट्विंकल चौधरी पंजाब के जालंधर की रहने वाली हैं। हाल ही में उन्होंने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक, 800 मीटर में रजत पदक और मिश्रित 4×400 मीटर रिले में कांस्य पदक अपने नाम किया था। अप्रैल में कोच्चि में हुई नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 800 मीटर में 2ः00.71 सेकंड का नया मीट रिकॉर्ड बनाया था इस महीने की शुरुआत में ट्विंकल ने ताइवान ओपन में 800 मीटर में रजत पदक जीता था, जबकि दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में



वह चौथे स्थान पर रही थीं। एआईयू ने उन्हें नोटिस ऑफ एलीगेशन जारी किया है और अब उन्हें सुनवाई में अपना पक्ष रखने का अवसर मिलेगा। भारतीय एथलेटिक्स के लिए यह एक और झटका है, क्योंकि देश में डोपिंग के मामले लगातार चिंता का विषय बने हुए हैं। पिछले ही महीने क्वार्टर-माइल धाविका स्नेहा कोलेरी को भी डोपिंग के चलते निलंबित किया गया था। 2023 में भारत डोपिंग मामलों में टॉप पर रहा, जहां 5,000 से अधिक टेस्ट किए गए देशों में 3.8त्न की उच्चतम असफलता दर दर्ज की गई। वैश्विक स्तर पर 2,04,809 टेस्ट किए गए, जिनमें से 214 पॉजिटिव केस भारत से थे–यह संख्या वैश्विक आंकड़े का 11त्न से अधिक है।

# एफआईएच प्रो लीग : चीन से 'करो या मरो' मुकाबले में भिड़ेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) 2024-25 में लगातार हार का सामना कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम अब टूर्नामेंट में बने रहने के लिए एशियाई प्रतिद्वंद्वी चीन से 'करो या मरो' की दोहरी भिड़ंत खेलेगी। बर्लिन में 28 और 29 जून को होने वाले इन दो मुकाबलों में भारत को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी ताकि टीम को गिरावट (रिलिगेशन) से बचाया जा सके।

सलिमा टेटे के नेतृत्व वाली भारतीय टीम इस अहम मुकाबले में भारतीय पुरुष टीम से प्रेरणा लेगी, जिसने बीते हफ्ते बेल्जियम को हराकर प्रो लीग अभियान का अंत आत्मविश्वास के साथ किया था। पुरुष टीम ने आठवें स्थान पर रहकर टूर्नामेंट खत्म किया, जो कि अंतिम स्थान पर काबिज आयरलैंड से ऊपर था। वर्तमान में चीन की टीम प्रो लीग की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि भारत नौवें (अंतिम) पायदान पर है। भारत के ऊपर आठवें स्थान पर इंग्लैंड है, जिससे भारत केवल एक अंक पीछे है। दोनों टीमों को लीग में अभी दो-दो मुकाबले खेलने हैं।

कप्तान सलिमा टेटे ने



मुकाबले से पहले कहा, यह हमारे लिए सप्ताहांत का बहुत ही अहम डबल हेडर है। लेकिन हम भारतीय पुरुष टीम से प्रेरणा लेंगे, जिन्होंने बेल्जियम जैसी मजबूत टीम को हराकर अपने अभियान का समापन शानदार तरीके से किया।सलिमा ने आगे कहा, यह प्रो लीग अभियान हमारे लिए सीखने का अवसर रहा है, जिसमें कई कमजोरियां सामने आई हैं। हम जब घर लौटेंगे तो इन पहलुओं पर आत्ममंथन करेंगे, लेकिन फिलहाल हमारा पूरा ध्यान चीन के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन पर है। भारत को चीन के खिलाफ पिछले मुकाबलों से आत्मविश्वास मिलेगा। नवंबर 2024 में बिहार में हुए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पूल मुकाबले में चीन को 3-0 से हराया था, जबकि फाइनल में 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया था। हालांकि, पिछले सीजन की प्रो लीग में भारत को डबल हेडर में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। सलिमा ने कहा, चीन हमारे लिए जाना-पहचाना प्रतिद्वंद्वी है। हम कॉन्टिनेंटल टूर्नामेंट्स में अक्सर उनके खिलाफ खेलते हैं और उनकी क्षमताओं से भलीभांति वाकिफ हैं। वे एक मजबूत टीम हैं, लेकिन हम अपनी ताकत के अनुसार खेलेंगे।

'मेरी लाल परी हमारा प्यार दुनिया नहीं समझेगी...'

# जैकलीन फर्नांडीज

## के नाम ठग सुकेश का एक और खत, गिफ्ट किया टेस्ला ट्रक



साल 2015 में ठगी के आरोप में गिरफ्तार सुकेश चंद्रशेखर जेल में होकर भी सुर्खियों में रहता है. सुकेश अक्सर जेल से एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस को या तो कोई ना कोई खत लिखता रहता है या फिर कोई ना कोई गिफ्ट देता रहता है.

ऐसे में जैकलीन फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहें या ना रहें, लेकिन सुकेश की वजह से चर्चा में जरूर रहती हैं. इस बार भी सुकेश ने जैकलीन को एक गिफ्ट देने की पेशकश की है.करोड़ों की ठगी के आरोपी सुकेश ने जेल से जैकलीन के लिए एक खत लिखा. सुकेश फिलहाल दिल्ली की मंडोली जेल में बंद है. जकैलीन को खत में उसने बेबी गर्ल और लाल परी कहकर याद किया है. साथ ही जैकलीन की कांस फिल्म फेस्टिवल में अपीरियंस की भी तारीफ की है.



**हाउसफुल-5... की तारीफ**

सुकेश ने अपने खत में जैकलीन की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'हाउसफुल-5' की भी तारीफ की है. उसने जैकलीन के इसी फिल्म के गाने लाल परी को कोट करते हुए लिखा कि वो जैकलीन की अपीरियंस और उनके म्युजिक वीडियोज की भी तारीफ की है. सुकेश ने जैकलीन के लिए एक ग्रांड सरप्राइज प्लान किया और उसके बारे में अपने खत में लिखा. सुकेश ने जैकलीन के लिए कस्माइज टेस्ला साइबरट्रक खरीदी है. सुकेश ने लिखा कि ये गिफ्ट जैकलीन की बर्थडे से पहले भारत में आएगा. सुकेश ने लिखा कि ये ट्रक जैकलीन की सक्सेस के लिए हैं.

**कस्टमाइज करवाया ट्रक**

सुकेश ने आगे लिखा कि ये गाड़ी पूरी तरह से कस्टमाइज किया गया है. सुकेश को जैकलीन का गाना लाल परी बहुत पसंद आया था और उसने खत में लिखा कि वो चाहता है कि जैकलीन दुनिया की पहली ऐसी महिला हों जिनके पास ऐसी युनीक गाड़ी हो. सुकेश ने लिखा कि दुनिया भले मेरे प्यार को ना समझे लेकिन मुझे इस बात से फर्क नहीं पड़ते, क्योंकि मेरे लिए केवल तुम मायने रखती हो, और मैं तुम्हें स्पेशल फील करवाना चाहता हूं. आई लव यू बेबी गर्ल, माई लाल परी. जो लोग हमारी प्रेम कहानी का मजाक उड़ाते हैं और कहते हैं कि तुम मेरा जुनून हो, उन्हें हमारी कहानी इतिहास रचती दिखाई देगी.

## नारायण मूर्ति के '70 घंटे' वाले बयान पर 'शार्क टैंक इंडिया' का करारा जवाब, सीजन 5 की घोषणा!



सोनी लिव के बिजनेस रियलिटी शो 'शार्क टैंक इंडिया' के चार सफल सीजन के बाद, अब इसके पांचवें सीज़न का ऐलान कर दिया गया है. शार्क टैंक इंडिया भारत में बहुत पॉपुलर रहा है, क्योंकि ये रियलिटी शो नए बिजनेस शुरू करने वालों को अपना सपना पूरा करने का मौका देता है. इस बार शो के ऐलान के साथ, मेकर्स ने इंफोसिस के नारायण मूर्ति के '70 घंटे काम' करने वाले विचार पर मजेदार तरीके से तंज भी कसा है.

'शार्क टैंक इंडिया' के सोशल मीडिया पेज पर 5वें सीज़न के आने की खबर दी गई है. इसके साथ ही मेकर्स ने उन बिजनेस वालों के लिए रजिस्ट्रेशन भी खोल दिए हैं, जो शो में आकर 'शार्क' (जो जज होते हैं) से पैसे लेना चाहते हैं. इस शो का ऐलान करने वाला वीडियो में कहा गया है कि अपने करोड़पति मालिकों को अरबपति बनाते रहो. शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 के रजिस्ट्रेशन खुल गए हैं, लेकिन रजिस्टर मत करो. यानी इसका सीधा मतलब है कि दूसरों के लिए इतनी मेहनत करने की बजाय, अपने खुद के सपनों पर काम करो.

**इसी साल खत्म हुआ था सीजन 4**

पिछले सीजन की बात करें तो, 'शार्क टैंक इंडिया 4', 6 जनवरी से 18 मार्च 2025 तक चला था. इसमें अमन गुप्ता, अनुपम मित्तल, नमिता थापर, विनीता सिंह, पीयूष बंसल, रितेश अग्रवाल, अजहर इकबाल, वरुण दुआ, कुणाल बहल और विराज बहल जैसे जाने-माने बिजनेसमैन 'शार्क' के रूप में थे. ये शो साल 2021 में शुरू हुआ था और तब से इसने टीवी पर खूब धूम मचाई है. अब तक इस शो में 741 बिजनेस आइडिया देखे गए हैं, जिनमें कुल 293 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश हुआ है और 351 डील फाइनल हुई हैं. 'शार्क टैंक इंडिया 5' में शामिल होने के लिए आप भी सोनी लिव ऐप पर रजिस्टर कर सकते हैं. रेजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसकी शूटिंग शुरू की जाएगी.

## रेखा की अदा के हज़ारों दीवाने, मस्ताने और परवाने... उमराव जान के गानों की तरह हैं सदाबहार



हीरा है सदा के लिए- एक विज्ञापन स्लोगन है लेकिन यह रेखा की शख्सियत और उमराव जान के गानों पर सटीक बैठता है. शहरयार की शायरी, खय्याम की मौसिकी की तरह रेखा भी सदाबहार हैं. इस हुस्न की मलिका की उम्र सत्तर साल लेकिन ऊर्जा से भरपूर सौंदर्य मानो सत्रह का. सीधी मांग में लाल सिंदूर की लंबी रेखा लिये वह जब आती हैं किसी रहस्यमय परी जैसी लगती हैं. जिस भी महफिल में आती हैं रंगीन शमां की तरह जगमगा उठती हैं. हर उम्र के लोगों का ध्यान खींचती हैं. कभी सिल्वर स्क्रीन पर उमराव जान अदा बनकर उन्होंने गाया भी थाज इस शम्मे फरोजा को आंधी से डराते होज इस शम्मे फरोजा के परवाने हज़ारों हैं.यकीनन रेखा आज भी उसी ग्लैमर का नाम है, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी. देव आनंद के लिए चिरयुवा शब्द का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन हम इस अदाकारा के लिए भी इसका उपयोग करें तो कोई रोक नहीं सकता. वह चालीस साल पहले जैसी थीं, आज भी वैसी ही नजर आती हैं. कभी उन्होंने गाया था- इन आंखों की मस्ती के मस्ताने हजारों हैंज इस गाने की तरह आज भी उनके दीवानों, मस्तानों और परवानों की कमी नहीं. रेखा अपनी अमर किरदार उमराव जान अदा की यादों में घुलमिल गई हैं.

मुंबई में गुरुवार को वो मौका फिर से लेकर आया, जब आज से करीब 44 साल पहले देखने को मिला था. कौन कहता है कि गुजरा हुआ ज़माना आता नहीं दोबारा. जब आता है तो चांद-सितारों के बूटे लगाकर लौटता है. रेखा ने जब स्क्रीनिंग में शिरकत की, उनके दीदार में मौजूद कद्रदान मन ही मन गा उठे- ज़िंदगी जब भी तेरी बज़्म में लाती है हमेंज ये ज़मीं चांद से बेहतर नज़र आती है हमेंज उमराव जान मोहब्बत का खजाना है, यादों का नजराना है.

यकीनन स्क्रीनिंग का वह स्टेज चांद से बेहतर था. 1981 में आई यादगार क्लासिक उमराव जान को डायरेक्टर मुजफ्फर अली ने तब यूं पेश किया था मानो पर्दे पर कोई अफसाना सुना रहे हों. जिसमें जिंदगी के हर रंग और गंध का भरपूर अहसास था. री-रिलीज से पहले स्क्रीनिंग के वक्त वही अफसाना जैसे कहकहे लगाने लगा था. स्क्रीनिंग के मौके पर रेखा के साथ डायरेक्टर मुजफ्फर अली भी मौजूद थे. उनकी उपस्थिति इस महफिल को और भी गरिमामयी बना गई. इस फिल्म से दोनों न जुड़े होते तो आज यह जलसा नसीब न होता.इस दौरान रेखा को देखने वाले, उनको सुनने वाले, उनसे मिलने वालों की फेहरिस्त में कोई भी आम नहीं था बल्कि सबके सब खास थे. बड़ी सेलिब्रिटी थे लेकिन उनके सामने सबके सब अपना-अपना वजूद भूल गए थे, जिस तरफ देखिये बस रेखा ही रेखा थी और उनकी चमक दमक थी. कोई उनकी तरह मेकअप में, तो कई उनके जैसी लिबास में. यहां रेखा को गले लगाकर, उनकी जिंदगी की कॉफीटेबुल बुक के पन्ने पलटकर, उनके साथ फोटो खिंचवाकर इस इतिहास का हिस्सा हो जाने के लिए हर कोई बेताब नजर आया.




'दोनों कमाल हैं लेकिन...' भंसाली की फिल्म में

# आलिया-रणबीर

## संग काम कर विकी कौशल को कैसा लगा?

बॉलीवुड एक्टर विकी कौशल अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं. विकी अपने स्टाइल से कॉम्पलेक्स से कॉम्पलेक्स किरदारों को भी काफी आसानी से निभा लेते हैं, जो उनको बॉलीवुड में एक अलग तरह का अभिनेता बनाता है. विकी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर को लेकर सुर्खियों में हैं. विकी के साथ इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी हैं. फिल्म को लेकर काफी हाइप है.विकी कौशल के फैंस उनकी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर को लेकर काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फिल्म की स्टारकास्ट इतनी जबरदस्त है कि इस फिल्म का सभी को वेट है. हाल ही में विकी एक्ट्रेस करीना कपूर संग बात करते दिखाई दिए. करीना संग बात करते हुए विकी ने रणबीर और आलिया संग काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात की.



**कैसा रहा एक्पीरियंस ?**

द हॉलीवुड रिपोर्टर के साथ बातचीत में करीना और विकी ने काफी अलग-अलग मुद्दों पर बात की. इसी बीत विकी कौशल ने बताया कि रणबीर और आलिया कितने कमाल के एक्टर्स हैं. विकी ने कहा- वो दोनों कमाल हैं, लेकिन उससे भी ज्यादा जो बात मुझे रणबीर और आलिया के बारे में सबसे अच्छी लगी वो ये है कि दोनों बहुत ही अच्छे इंसान हैं. मैंने रणबीर के साथ 'संजू' और आलिया के साथ 'राजी' में काम किया है. दोनों के साथ काम करना काफी आसान और मजेदार है. फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली के साथ काम करना विकी के लिए पहला मौका था, ऐसे में उनके साथ काम के एक्सपीरियंस के बारे में भी बात की.

**कब रिलीज होगी लव एंड वॉर ?**

विकी ने कहा- भंसाली सर किसी छोटे बच्चे की तरह हर बात को लेकर क्यूरियस रहते हैं. वो किसी भी एक्टर, सीन या फिर कैमरा को अंदर तक एक्सप्लोर करते हैं और कुछ शानदार निकालकर लाते हैं. वो हमेशा सोचते हैं कि मैं और क्या कर सकता हूं, मैं कैसे इसे और भी ज्यादा सिनेमैटिक और खूबसूरत बना सकता हूं. मेरे लिए ये कमाल का एक्सपीरियंस था. बात करें फिल्म लव एंड वॉर की तो फिल्म 2026 में ईद के मौके पर रिलीज होगी.

## बिहार में शुरू हुआ विशेष गहन पुनरीक्षण

**नई दिल्ली**
भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया औपचारिक रूप से आरंभ कर दी है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक मतदाता की पात्रता की पुष्टि करना है, ताकि चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाया जा सके। आयोग ने बताया कि यह कार्य संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुरूप हो रहा है, जो मतदान के लिए पात्रता की शर्तें निर्धारित करता है। आयोग की ओर से शनिवार को जारी जानकारी में बताया गया कि बिहार के सभी 243 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में घर-घर जाकर गणना फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं। इन फॉर्म को ऑनलाइन भरने की भी सुविधा दी गई है, जिससे प्रक्रिया को सरल और तकनीक-सक्षम बनाया गया है। बिहार में वर्तमान में कुल 7,89,69,844 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से करीब 4.96 करोड़ निर्वाचकों के नाम पहले से ही 1 जनवरी 2003 की आधार तारीख पर नामावली में हैं। इन्हें बस अपने विवरण की पुष्टि करके फॉर्म भरना और जमा करना है। निर्वाचन आयोग ने इस प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 77,895 बूथ लेवल अधिकारियों की तैनाती की है, जबकि नए मतदान केंद्रों के लिए 20,603 अतिरिक्त बीएलओ नियुक्त किए जा रहे हैं। साथ ही, एक लाख से अधिक वॉलंटियर्स, विशेष रूप से वृद्ध, दिव्यांग, बीमार और अन्य कमजोर वर्गों की सहायता के लिए लगाए गए हैं। राजनीतिक दलों की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। आयोग के अनुसार, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों ने अब तक 1,54,977 बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए हैं और और अधिक एजेंटों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। एसआईआर के तहत बिहार के 5.74 करोड़ पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर एसएमएस भेजे जा रहे हैं, जिससे मतदाताओं को समय रहते जानकारी दी जा सके। सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बीएलओ को पूर्णकालिक रूप से पुनरीक्षण कार्य में लगाएं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, एसआईआर से संबंधित सभी गतिविधियां निर्धारित समय-सीमा के अनुसार सुचारू रूप से चल रही हैं।

# गगल हवाई अड्डे के समीप प्लेन दुर्घटना पर किया मॉक ड्रिल : एसडीएम








**दिव्य दिल्ली** : हवाई अड्डों के समीप प्लेन दुर्घटना के समय किस तरह अधिक से अधिक लोगों को सहायता पहुंचा कर बचाया जा सके इसके लिए गगल हवाई अड्डे के समीप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। गगल हवाई अड्डे के समीप किए गए इस मॉक ड्रिल की अध्यक्षता एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने की इस दौरान उनके साथ हवाई अड्डे के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा विशेष भूमिका में मौजूद रहे।मॉक ड्रिल की शुरूआत दिल्ली हवाई अड्डे से उड़े विमान को गगल हवाई अड्डे पर लैंडिंग करते समय दुर्घटनाग्रस्त पेश बताकर किया गया। इस दौरान अधिक से अधिक लोगों को जल्द सहायता पहुंचा कर किस तरह बचाया जा सके इसके बारे में समस्त नाटक रूपांतरण किया गया।कार्यक्रम का आयोजन रिस्पांस ऑफिसर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा और हवाई अड्डे के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह की देखरेख में किया गया। इस मेगा मॉक ड्रिल में समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारी जैसे स्वास्थ्य, पुलिस विभाग, अग्निशामक, होमगार्ड, खाद्य आपूर्ति, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, एचआरटीसी, शिक्षा, आईपीएच, बिजली, फॉरेस्ट, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ मौजूद रहे। मॉक ड्रिल के दौरान प्लेन की लैंडिंग में दुर्घटना होने पर प्लेन में सवारी यात्रियों को जल्द सहायता पहुंचाई गई।एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कहा इस मॉकड्रिल का उद्देश्य विमान दुर्घटना के समय में समस्त विभागों और पर्यटन विभाग में किस तरह तालमेल बनाकर

# निरंकारी भक्तों द्वारा मानव कल्याणार्थ हेतु 245 यूनिट रक्तदान





**दिव्य दिल्ली** : सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के दिव्य मार्गदर्शन में, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज कालकाजी, मंगोल पुरी, त्रैलोक पुरी निरंकारी सत्संग भवन दिल्ली में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के सेवादारों और भक्तों द्वारा मानवता की सेवा हेतु 245 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन सत्कारयोग्य आदरणीय राजकपूर जी (सी पी ए बी) मेंबर एवं जे एस खुराना जी (रोशन मीनार) द्वारा किया गया। डॉक्टर नरेश अरोड़ा मेडिकल सर्विस कोऑर्डिनेटर ने शिविर में उपस्थित सभी रक्तदाओ को सम्बोधित भी किया। सभी श्रद्धालुओं ने सेवा की सच्ची भावना को दशार्या।मेडिकल सर्विस के कोऑर्डिनेटर आदरणीय श्री नरेश अरोड़ा ने जानकारी दी कि रक्त एकत्रित करने हेतु एम्स से टीम पहुंची जिनमें डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ शामिल थे। मुख्य अतिथि द्वारा चिकित्सा दल का स्वागत किया गया। उन्होंने रक्तदाताओं द्वारा की जा रही महान सेवा की सराहना करी। जैसा कि सर्व विदित ही है कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान करने में सदैव अग्रणी रहा है और कई दशकों से रक्तदान शिविरों का आयोजन भी कर रहा है। मिशन के पूर्व प्रमुख बाबा हरदेव सिंह जी ने यह संदेश दिया कि ह्यरक्त नालियों में नहीं बल्कि नाड़ियों में बहना चाहिएह्व तभी से मिशन द्वारा पूरे वर्ष चरणबद्ध तरीके से इन शिविरों का आयोजन किया जाता है।

## जेजेपी ने गुरूग्राम जिले मे शुरू किया सदस्यता अभियान



**दिव्य दिल्ली** : झाड़सा के बख्तावर भवन में जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकरान की अध्यक्षता मे जेजेपी ने अपना सदस्यता अभियान शुरू किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष व जिला प्रभारी दिनेश डागर और राज सिंह दहिया पहुंचे उन्होंने सभी कार्यकर्ता साथियों से और पदाधिकारी से जेजेपी के सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश देते हुऐ कहाँ कि सभी हल्काध्यक्ष अपने अपने हल्का स्तर पर घर-घर जाकर जननायक जनता पार्टी की नीतियों का और ताऊ देवीलाल की नीतियों का प्रचार करके जेजेपी के साथ जुड़ने के लिए आह्वान करे।

# आरएसएस और बीजेपी अपनी पुरानी सोच से आगे बढ़ चुके हैं: सांसद शशि थरूर



**नई दिल्ली**
देश में संविधान बनाम मनुस्मृति की बहस के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर का बयान सियासत में नई हलचल पैदा कर गया है। थरूर ने कहा है कि आरएसएस और बीजेपी अब बदल चुके हैं और संभवतः वे अपनी पुरानी सोच से आगे बढ़ चुके हैं। थरूर का यह बयान उस वक्त आया है जब कांग्रेस और विपक्षी दल लगातार आरएसएस-बीजेपी पर संविधान से छेड़छाड़ के आरोप लगा रहे हैं। दरअसल, हाल ही में आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' जैसे शब्दों को हटाने का समर्थन किया था। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक घमासान शुरू हो गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आरएसएस-बीजेपी संविधान नहीं, बल्कि मनुस्मृति चाहते हैं। वे बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे और हर देशभक्त भारतीय संविधान की रक्षा करेगा।

**शशि थरूर का संतुलित बयान**
राहुल गांधी के इस बयान पर जब मीडिया ने शशि थरूर से सवाल पूछा तो उन्होंने थोड़ा संतुलित रुख अपनाते हुए कहा कि राहुल गांधी ऐतिहासिक तथ्य का जिक्र कर रहे थे। संविधान निर्माण के समय श्री गोलवलकर समेत कई लोगों ने कहा था कि संविधान में मनुस्मृति की कोई झलक नहीं है, जो एक कमी है। लेकिन मेरा मानना है कि आरएसएस अब उन दिनों से आगे बढ़ चुका है। आज उनकी सोच क्या है, यह वही बेहतर बता सकते हैं।

# सूरत में सफल रहा निवेशकों के साथ इंटरैक्टिव सेशन: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रविवार को सूरत (गुजरात) में यहां के निवेशकों के साथ हुआ संवाद सत्र (इंटरैक्टिव सेशन) पूर्णतः सफल रहा। उन्होंने बताया कि सूरत में हुए इस आयोजन से मध्य प्रदेश को 15,710 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों के माध्यम से प्रदेश में 11,250 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार देर शाम सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि मध्य प्रदेश अपार संभावनाओं की भूमि है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति को तेज करने और गुजरात राज्य के निवेशकों को उनके ही निकट सुविधा देने के लिए मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम का एक कार्यालय अहमदाबाद में भी खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि रविवार को उद्योग नगरी सूरत में आयोजित इंटरैक्टिव सेशन में सभी उद्यमी बंधुओं के साथ विस्तार से संवाद कर उन्हें मध्य प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गुजरात के प्रमुख उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ प्रदेश में निवेश के संबंध में वन-टू-वन चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात राज्य के निवेशकों की प्रगतिशीलता एवं उद्यमशीलता की सराहना करते हुए कहा कि देश के विकास में गुजरात का अमूल्य योगदान है।

## उपलब्धि: मंगल पर मिली पानी की नई परतें



### जीवन की उम्मीद फिर प्रबल; मार्स रोवर ने रहस्यमयी इलाकों में की खुदाई

**नई दिल्ली**
नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने मंगल ग्रह की सतह पर एक ऐसे रहस्यमयी इलाके में खुदाई शुरू की है, जहां से अतीत में पानी की मौजूदगी के मजबूत सुराग मिले हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज मंगल के जलवायु इतिहास को फिर से परिभाषित कर सकती है और यह संकेत दे सकती है कि वहां भूमिगत जल अनुमान से कहीं अधिक समय तक सक्रिय रहा। इसे मंगल में जीवन का संकेत भी माना जा सकता है। नासा का क्यूरियोसिटी मार्स रोवर वर्तमान में माउंट शार्प की तलहटी में स्थित बॉक्सवर्क नामक इलाके की जांच कर रहा है, जो मंगल की सतह पर 12 मील तक फैली हुई एक लंबी पर्वतमाला है। यह इलाका लंबे समय से ऑर्बिटल इमेजिंग (कक्षीय चित्रों) के जरिए देखा जा रहा था, लेकिन पहली बार रोवर वहां भौतिक रूप से पहुंचा है। यह क्षेत्र विशेष रूप से मैग्नीशियम सल्फेट जैसे नमकीन खनिजों से समृद्ध है जो आमतौर पर तब बनते हैं जब पानी सूखता है। इसका स्पष्ट संकेत है कि यह इलाका मंगल की सतह पर जलवायु के अत्यधिक शुष्क हो जाने के बाद बना।

**कैल्शियम सल्फेट की नसें, भूमिगत जल का संकेत**
चट्टानों में छोटी सफेद नसें मिली हैं, जो कैल्शियम सल्फेट जैसे खनिजों से बनी हैं। ये नसें दर्शाती हैं कि पानी किसी समय चट्टानों की दरारों में बहता था।

**जलवायु समयरेखा में बड़ा बदलाव संभव**
नासा का कहना है कि इस खोज का महत्व बहुत बड़ा है। अगर पुष्टि होती है कि ऊंची परतों में भी देर तक भूमिगत जल सक्रिय था, तो मंगल पर रहने योग्य अवस्था और उसके जलवायु परिवर्तन की समयरेखा को नए सिरे से परिभाषित करना होगा।

**अगला कदम-नमूनों का विश्लेषण**

# लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद




**नई दिल्ली**
मौसम विभाग ने देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। यूपी-बिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है। राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। शुक्रवार को जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, बिजली गिरने से बूंदी में एक युवक और महिला, सिरोही में बच्चे और डूंगरपुर में युवक की मौत हो गई। महाराष्ट्र में तेज बारिश जारी है। मुंबई में समुद्र में हाई टाइड उठ रहा है। इस वजह से समुद्र किनारे की सड़कों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, महाराष्ट्र के चंद्रपुर का ताड़ोबा अंधारी टाइगर रिजर्व का मेन एरिया मानसून की वजह से 1 जुलाई से तीन महीने के लिए पर्यटकों के लिए बंद किया गया है।

## मणिपुर: दो उग्रवादी गिरफ्तार; गोला-बारूद बरामद

**इंफाल**
मणिपुर में सुरक्षा बलों ने एक बार फिर बड़ा ऑपरेशन चलाकर उग्रवादियों पर बड़ी कार्रवाई की है। राज्य के बिष्णुपुर और तेंगनौपाल जिलों से प्रतिबंधित संगठनों के दो सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा इंफाल ईस्ट जिले में एक बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। साथ ही तेंगनौपाल में भारत-म्यांमार सीमा के पास एक जिंदा बम को भी निष्क्रिय किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को बिष्णुपुर जिले के ओइनाम उषाखांगदाबी इलाके में छापेमारी कर कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबंगनबा गुट) का एक सक्रिय उग्रवादी पकड़ा गया। यह उग्रवादी लंबे समय से इलाके में संगठन के लिए काम कर रहा था। वहीं, तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का एक सदस्य भी गिरफ्तार किया गया है।

# यूपी बना खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और तकनीक का मानक: सीएम योगी



**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन का प्रभावशाली केंद्र बन गया है। रविवार को आयोजित भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की गहन समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम बन चुकी है। विभागीय कार्यों की अद्यतन प्रगति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में औसतन 18.14% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में मुख्य खनिजों से 608.11 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2025-26 में केवल मई माह तक ही 623 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है, जो इस क्षेत्र की लगातार प्रगति और विभाग की दक्षता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि हाल के वर्षों में फॉस्फोराइट, लौह अयस्क और स्वर्ण जैसे मुख्य खनिजों के पट्टों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि कंपोजिट लाइसेंस प्रक्रिया को और तेज किया जाए तथा संभावित खनन क्षेत्रों की अग्रिम पहचान और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि स्पष्ट, पारदर्शी और प्रोत्साहक नीतियों के चलते जेएसडब्ल्यू, अडानी ग्रुप, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी अग्रणी कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर गहरी रुचि दिखा रही हैं। राज्य को स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में शीर्ष रैंकिंग दिलाने के लिए विभाग द्वारा 70 से अधिक उप-संकेतकों पर ठोस कार्य किया गया है। राज्य के सभी खनन जिलों में 100% माइन सर्विलांस सिस्टम लागू कर दिया गया है, पर्यावरणीय मंजूरियों की औसत अवधि में उल्लेखनीय सुधार आया है और नियामकीय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि में 'कैटेगरी-अ' की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए शेष सुधारों को निश्चित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्टरों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए।

# टीएमसी नेताओं के बयानों पर मच गया बवाल

**नई दिल्ली**
पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक लॉ स्टूडेंट के साथ गैंगरेप मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं के विवादित बयान सामने आए। इन बयानों से पार्टी ने खुद को किनारे कर लिया, जिस पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने अपनी पार्टी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति द्वेष हर पार्टी में है लेकिन टीएमसी इन सभी से अलग है क्योंकि वह अपने नेताओं की बकवास की निंदा करने से नहीं कतराती। महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों का जिक्र कर रही थीं, जिनसे पार्टी ने खुद को अलग कर लिया। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान दिए थे,

Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397